Investors are advised to refer to the RHP and the section titled **"Risk Factors"** on page 30 of the RHP, before applying in the Issue. A copy of the RHP is made available on website of SEBI at **www.sebi.gov.in**, websites of the Stock Exchanges i.e. BSE Limited and National Stock Exchange of India Limited at **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com**, respectively, and on the website of the Company at **https://www.jio.com**; and on the websites of the BRLMs, i.e. **Kotak Mahindra Capital Company Limited** – https://investmentbank.kotak.com; **Morgan Stanley India Company Private Limited** – https://www.morganstanley.com/india; **BofA Securities India Limited** – https://business.bofa.com/bofasindia; **Axis Capital Limited** – www.axiscapital.co.in; **BNP Paribas** – www.bnpparibas.co.in; **Citigroup Global Markets India Private Limited** – www.citigroup.com/global/about-us/global-presence/india/regulatory-disclosures-investment-banking; **CLSA India Private Limited** – www.india.clsa.com; **DAM Capital Advisors Limited** – www.damcapital.in; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** – www.goldmansachs.com; **HDFC Bank Limited** – www.hdfc.bank.in; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited** – www.business.hsbc.co.in; **ICICI Securities Limited** – www.icicisecurities.com; **IIFL Capital Services Limited** – www.iiflcapital.com; **Jefferies India Private Limited** – www.jefferies.com; **JM Financial Limited** – www.jmfl.com; **J.P. Morgan India Private Limited** – www.jpmipl.com; **SBI Capital Markets Limited** – www.sbicaps.com; **UBS Securities India Private Limited** – www.ubs.com/indiaoffers; **360 ONE WAM Limited** – www.360.one;.

AVAILABILITY OF THE ABRIDGED PROSPECTUS:

A copy of the abridged prospectus is made available on the website of the Company, the BRLMs and the Registrar to the Issue at **https://www.jio.com/platforms/** ; **Kotak Mahindra Capital Company Limited** – https://investmentbank.kotak.com; **Morgan Stanley India Company Private Limited** – https://www.morganstanley.com/india; **BofA Securities India Limited** – https://business.bofa.com/bofasincia; **Axis Capital Limited** – www.axiscapital.co.in; **BNP Paribas** – www.bnpparibas.co.in; **Citigroup Global Markets India Private Limited** – www.citigroup.com/global/about-us/global-presence/india/regulatory-disclosures-investment-banking; **CLSA India Private Limited** – www.india.clsa.com; **DAM Capital Advisors Limited** – www.damcapital.in; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited** – www.goldmansachs.com; **HDFC Bank Limited** – www.hdfc.bank.in; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited** – www.business.hsbc.co.in; **ICICI Securities Limited** – www.icicisecurities.com; **IIFL Capital Services Limited** – www.iiflcapital.com; **Jefferies India Private Limited** – www.jefferies.com; **JM Financial Limited** – www.jmfl.com; **J.P. Morgan India Private Limited** – www.jpmipl.com; **SBI Capital Markets Limited** – www.sbicaps.com; **UBS Securities India Private Limited** – www.ubs.com/indiaoffers; **360 ONE WAM Limited** – www.360.one; Registrar to the Issue, **KFin Technologies Limited** – www.kfintech.com., respectively.

AVAILABILITY OF BID CUM APPLICATION FORMS:

Bid cum Application Forms can be obtained from the Registered and Corporate Office of **JIO PLATFORMS LIMITED**, **Tel:** +91 22 7967 0000; BRLMs: **Kotak Mahindra Capital Company Limited,** Telephone: +91 22 4336 0000; **Morgan Stanley India Company Private Limited,** Telephone: +91 22 6118 1000; **BofA Securities India Limited,** Telephone: +91 22 6632 8000; **Axis Capital Limited,** Telephone: +91 22 4325 2183; **BNP Paribas,** Telephone: +91 22 3370 4000; **Citigroup Global Markets India Private Limited,** Telephone: +91 22 6175 9999; **CLSA India Private Limited,** Telephone: +91 22 6650 5050; **DAM Capital Advisors Limited,** Telephone: +91 22 4202 2500; **Goldman Sachs (India) Securities Private Limited,** Telephone: +91 22 6616 9000; **HDFC Bank Limited,** Telephone: +91 22 3395 8233; **HSBC Securities and Capital Markets (India) Private Limited,** Telephone: +91 22 6864 1289; **ICICI Securities Limited,** Telephone: +91 22 6807 7100; **IIFL Capital Services Limited,** Telephone: +91 22 4646 4728; **Jefferies India Private Limited,** Telephone: +91 22 4356 6000; **JM Financial Limited,** Telephone: +91 22 6630 3030; **J.P. Morgan India Private Limited,** Telephone: +91 22 6157 3000; **SBI Capital Markets Limited,** Telephone: +91 22 4006 9807; **UBS Securities India Private Limited,** Telephone: +91 22 6155 6000; **and 360 ONE WAM Limited,** Telephone: +91 22 4031 7000; **Syndicate Members: HDFC Securities Limited** Tel: +91 2230753400, **Investec Capital Services (India) Private Limited** Tel: + 91 2268497400, **JM Financial Services Limited** Tel: +91 22 6136 3400, **Kotak Securities Limited** Tel: +91 2242858484, **SBICAP Securities Limited** Tel: +91 22 6943 2521, **Sharekhan Limited** Tel: +91 22 6750 2000, **360 ONE Capital Market Private Limited** ***(Formerly known as Batlivala & Karani Securities India Private Limited)*** Tel: + 91 022 40317000 / +91 022 40076000 **and 360 ONE Distribution Services Limited** Tel: 9321332882 and at the select locations of the Sub-syndicate Members (as given below), SCSBs, Registered Brokers, RTAs and CDPs participating in the Issue. Bid cum Application Forms will also be available on the websites of BSE and NSE and the Designated Branches of SCSBs, the list of which is available at websites of the Stock Exchanges and SEBI.

Sub-Syndicate Members:

Almondz Global Securities Ltd, Ambit Capital Limited, Ambit Private Limited, Amrapali Capital & Finance Services Limited, Anand Rathi Share & Stock Brokers Limited, Anand Share Consultancy, ANS Pvt Limited, Asit C Mehta Financial Services Limited, Asit C Mehta Investment Intermediates Limited, Axis Securities Limited, Bajaj Financial Securities Limited, Bob Capital Markets Limited, Centrum Broking Limited, Centrum Capital Advisors Limited, Centrum Finverse limited, Centrum Wealth Management Ltd, Choice Equity Broking Private Limited, Dalal & Broacha Stock Broking Pvt Limited, DB(International) Stock Brokers Ltd, Eureka Stock & Share Broking Services Ltd, G Raj & Co. (Consultants) Limited, Globe Capital Market Limited, IDBI Capital Market Services Limited, Inga Ventures Pvt Ltd, Innovate Securities Pvt Limited, Intensive Fiscal Services Private Limited, Jhaveri Securities, Jobanputra Fiscal Services Private Limited, Kalpataru Multiplier Limited, Kantilal Chhaganlal Securities Pvt.Ltd, Keynote Capitals Limited, KJMC Capital Market Services Limited, Lakshmishree Investment & Securities Pvt Limited, LKP Securities Limited, Marwadi Shares & Finance Ltd, Mehta Equities Limited, Monarch Networth Capital Limited, Motilal Oswal Financial Services Limited, Motilal Oswal Securities Limited, Nextbillion Technology Private Limited, Nirmal Bang Securities Pvt Limited, Nuvama Wealth and Investment Limited (Edelweiss Broking Limited), Nuvama Wealth Management Limited, Pantomath Financial Services Limited, Patel Wealth Advisors Pvt Limited, Paytm, Prabhudas Lilladher Pvt Limited, Pravin Ratilal Share & Stock Brokers Limited, Religare Broking Limited, Religare Securities Limited, Rikhav Securities Ltd, RR Equity Brokers Private Limited, SMC Global Securities Limited, Standard Chartered Securities, Sundae Capital, Sunidhi Securities & Finance Ltd, Sushil Financial Services Pvt. Ltd., Systematix Shares & Stocks (India) Limited, Tanna Financial Services, Tradebulls Securities Private Limited, Trust Securities Limited, Viren M Shah, YES Securities (India) Limited, Zerodha

Escrow Collection Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Refund Banks: Axis Bank Limited and ICICI Bank Limited

Public Issue Account Banks: Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

Sponsor Banks: Axis Bank Limited, ICICI Bank Limited, Kotak Mahindra Bank Limited and State Bank of India

UPI: UPI Bidders can also bid through UPI mechanism

Jio Platforms Limited has provided a toll free number to address any queries related to the Issue.

Toll free number: 1800 309 4001

You may also address your queries related to the Issue by typing **'Hi'** or **'Hello'** on

WhatsApp to 7977222222

For JIO PLATFORMS LIMITED
On behalf of the Board of Directors

Sd/-
Ms. Savithri Parekh
Company Secretary

Place : Mumbai, Maharashtra
Date : October 21, 2026

All capitalised terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the RHP.

Jio Platforms Limited is proposing, subject to receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offering of its Equity Shares and has filed the RHP with RoC on October 14, 2026. The RHP is made available on the website of SEBI at www.sebi.gov.in, on the websites of the Stock Exchanges, i.e. BSE at www.bseindia.com and NSE at www.nseindia.com, on the website of the Company at www.jio.com and on the respective websites of the BRLMs. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk, and for details relating to such risk, please see the section titled **"Risk Factors"** on page 30 of the RHP. Potential investors should not rely on the DRHP filed with SEBI and the Stock Exchanges for making any investment decision and should instead rely on the RHP, as filed with the RoC, for making investment decisions.

This announcement is not an offer of securities for sale in the United States or elsewhere. This announcement has been prepared for publication in India only and is not for publication or distribution, directly or indirectly, in or into the United States. The Equity Shares offered in the Issue have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (**"U.S. Securities Act"**) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, may not be offered or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act and applicable state securities laws in the United States. Accordingly, the Equity Shares are being offered and sold (i) in the United States solely to "qualified institutional buyers" (as defined in Rule 144A under the U.S. Securities Act) in transactions exempt from, or not subject to, the registration requirements of the U.S. Securities Act, or (ii) outside the United States in "offshore transactions," as defined in, and in reliance on Regulation S under the U.S. Securities Act and the applicable laws of the jurisdictions where such offers and sales occur. There will be no public offering of Equity Shares in the United States.

खबर संक्षेप

संरक्षित खेती तकनीक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 से



चंडीगढ़। उद्यान प्रशिक्षण संस्थान,उचानी करनाल में आगामी सप्ताह में 26 से 30 अक्टूबर तक संरक्षित खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पॉली हाउस, नेट हाउस, मलचिंग, पोषक तत्व प्रबंधन, कीट एवं रोग प्रबंधन, उच्च तकनीक आधरित संरक्षित खेती, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली सहित अन्य महत्वपूर्ण तकनीकों से अवगत करवाया जाएगा। किसानों को विभाग द्वारा संरक्षित खेती पर दिए जाने वाले अनुदान योजानाओं से संबंधित भी जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा प्रशिक्षण के दौरान किसानों को सब्जी उत्कृष्टता केंद्र, घरौड़ा का भ्रमण भी करवाया जाएगा।

हरियाणा सुशासन पुरस्कार के आवेदन मांगे

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना-2026 के तहत असाधारण एवं नवाचारपूर्ण कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और कर्मचारी समूहों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। ये पुरस्कार सुशासन दिवस के अवसर पर 25 दिसंबर को प्रदान किए जाएंगे। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी एक पत्र के अनुसार यह योजना राज्य सरकार के विभागों, बोर्डों, निगमों, वैधानिक प्राधिकरणों, मिशन सोसायटियों, संस्थानों, विश्वविद्यालयों तथा सरकारी स्वामित्व एवं नियंत्रण वाले सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत ग्रुप-ए, बी, सी और डी के कर्मचारियों पर लागू होगी। आवेदन अपलोड करने की अवधि 1 से 25 नवंबर तक निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के बाद पोर्टल बंद कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह की अध्यक्षता में एसपीपीसी और एचपीडब्ल्यूपीसी की बैठक

जनस्वास्थ्य विभाग के 13 कार्यों के लिए 399.85 करोड़ रुपये मंजूर

करनाल में 29.91 करोड़ से बनेगा रेस्ट हाउस, पंचकूला में लोकायुक्त भवन के निर्माण को भी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनस्वास्थ्य विभाग के 419.34 करोड़ रुपये के 13 कार्यों को 399.85 करोड़ रुपये की लागत से करवाने की स्वीकृति प्रदान की है। इन कार्यों के लिए निर्धारित राशि में से 19.49 करोड़ रुपये की बचत होगी। इनमें पेयजल आपूर्ति व्यवस्था मजबूत करने, जलघरों के टैंकों के तल आरसीसी से पक्के करने, सीवर लाइनों की मरम्मत और नई सीवर लाइन बिछाने सहित कई कार्य शामिल हैं। करनाल में 29.91 करोड़ रुपये की लागत से रेस्ट हाउस बनाया जाएगा, जबकि पंचकूला में 18.40 करोड़ रुपये से लोकायुक्त भवन का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री बुधवार को चंडीगढ़ में हाई पावर्ड परचेज कमेटी और हाई पावर्ड वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए जलघर, बूस्टिंग स्टेशन और पाइपलाइन बिछाने के कार्य किए जा रहे हैं। जलघरों और बूस्टिंग स्टेशनों के टैंकों के तल आरसीसी से पक्के किए जा रहे हैं, ताकि पानी का रिसाव रोका जा सके। अंबाला जिले के शहजादपुर में 48 करोड़ रुपये से सीवर लाइन बिछाने, तीन एमएलडी क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने और पेयजल लाइन सहित अन्य कार्य किए जाएंगे। जगाधरी में 24 करोड़ रुपये से सीवर लाइन का पुनर्निर्माण और नई लाइन बिछाने का कार्य होगा। धनौरी में नहर आधारित जलघर के लिए कैनाल निर्माण और दो एमएलडी क्षमता का एसटीपी बनाने सहित अन्य कार्यों पर 42.50 करोड़ खर्च किए जाएंगे।

रोहतक में सीवर लाइनों की मरम्मत पर खर्च होंगे 48 करोड़ करोड़ रुपये



रोहतक शहर में गांधी नगर से मुख्य झज्जर रोड तक बड़ी सीवर लाइन की स्पाइरल लाइनिंग और आरसीसी का कार्य 15.90 करोड़ रुपये से किया जाएगा। अन्य खराब सीवर लाइनों की मरम्मत और नवीनीकरण पर 17.25 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सिंहपुरा में सीवर लाइन को आरसीसी करने पर 16 करोड़ रुपये और सुखपुरा चौक पर सीवर लाइन दुरुस्त करने पर 15 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सीवर लाइनों की सफाई और मरम्मत के लिए सीआईपीपी तकनीक का भी इस्तेमाल किया जाएगा। इससे सड़क की खुदाई किए बिना मौजूदा सीवर लाइन के भीतर से ही उसे दुरुस्त किया जा सकेगा। बैठक में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, जनस्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा और सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी भी मौजूद रहे।

पंचकूला और हिसार में ये विकास कार्य होंगे

रतिया शहर के मुख्य जलघर के टैंक का तल आरसीसी से पक्का करने और अन्य कार्यों के लिए 31.50 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। हिसार में 10 एमएलडी क्षमता के एसटीपी और इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन के कार्यों पर 33.95 करोड़ रुपये खर्च होंगे। कैमरी गांव में 54 करोड़ रुपये से नया जलघर बनाने, बूस्टिंग स्टेशन स्थापित करने, जलघर के टैंकों के तल आरसीसी से पक्के करने और दो एमएलडी क्षमता का एसटीपी बनाने के कार्य किए जाएंगे। पंचकूला स्थित जनस्वास्थ्य विभाग के भवन को गिराकर नया भवन बनाया जाएगा। महेंद्रगढ़ जिले के आसरावास गांव में 25.49 करोड़ रुपये से पांच एमएलडी क्षमता का जलघर बनाया जाएगा। बैठक में चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद में शैक्षणिक ब्लॉक बनाने के लिए 54.50 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर में अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों के लिए 224 बिस्तरों का छात्रावास बनाया जाएगा। इस पर 14.50 करोड़ रुपये खर्च होंगे। पंचकूला के एमडीसी सेक्टर-5 में राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण के भवन के निर्माण के लिए 16 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं।

सड़क हादसे में लापरवाही साबित न होने पर भी मिलेगा मुआवजा

■ 26 साल पुराने मामले में न्याय, मिलेंगे पांच लाख



चंडीगढ़। सड़क हादसे में चालक की लापरवाही साबित नहीं होने पर भी पीड़ित परिवार को मुआवजे से वंचित नहीं किया जा सकता। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने करीब 26 साल पुराने मामले में मृतक मुन्ना के परिवार को पांच लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा कि मोटर वाहन के इस्तेमाल से हादसा होने और उसमें किसी व्यक्ति की मौत साबित होने पर बिना गलती के मुआवजे के प्रावधान के तहत राहत दी जा सकती है। मुआवजे पर याचिका दायर करने की तारीख से भुगतान तक छह प्रतिशत सालाना ब्याज भी देना होगा। मामला 25 अप्रैल 2000 का है। मुन्ना पलवल से साइकिल पर आ रहा था, तभी एक कार ने उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल मुन्ना को पहले नागरिक अस्पताल, पलवल ले जाया गया। बाद में उसे सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली रेफर किया गया, जहां उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक के खिलाफ पलवल थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई।

184 अंशकालिक कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ, हाईकोर्ट ने दी राहत

चंडीगढ़। हरियाणा के सरकारी स्कूलों में 184 अंशकालिक आधार पर काम करने के बाद नियमित हुए कर्मचारियों को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने राहत दी है। अदालत ने कहा कि नियमित होने से पहले अंशकालिक, दैनिक वेतन या तदर्थ आधार पर की गई निरंतर सेवा को पेंशन के लिए अर्हकारी सेवा में शामिल किया जाएगा। इससे कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) का लाभ मिलने का रास्ता साफ हो गया है। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने जगदीश व अन्य की याचिका पर यह फैसला सुनाया। याचिकाकर्ताओं ने मांग की थी कि सरकारी स्कूलों में नियमित होने से पहले की गई सेवा पेंशन की गणना में जोड़ी जाए। उन्होंने ओपीएस के तहत पेंशन, सेवानिवृत्ति उपदान और अन्य वित्तीय लाभ देने तथा नई पेंशन योजना के खातों के स्थान पर सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) खाते खोलने की मांग भी की थी। कर्मचारियों के अनुसार, उनकी नियुक्तियां 1983 से 2003 के बीच अंशकालिक आधार पर हुई थीं।

वरिष्ठता के बावजूद शिक्षिका को देर से मिली पदोन्नति, हाईकोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा

चंडीगढ़। हरियाणा में वरिष्ठता सूची में आगे होने के बावजूद समय पर पदोन्नति नहीं मिलने का मामला पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट पहुंच गया है। याचिकाकर्ता सुचेता दून का आरोप है कि उनसे कनिष्ठ टीजीटी विज्ञान शिक्षकों को 17 मार्च 2022 को पीजीटी पद पर पदोन्नत किया गया, जबकि उन्हें वरिष्ठता का लाभ मिलने के बाद भी उसी तारीख से पदोन्नति नहीं दी गई। हाईकोर्ट ने सरकार को पांच नवंबर तक जवाब दायर करने का आदेश दिया है। याचिकाकर्ता सुचेता दून ने 28 जून 2015 को जारी विज्ञापन संख्या 3/2015 के तहत उत्कृष्ट खिलाड़ी सामान्य श्रेणी में चयन प्रक्रिया में हिस्सा लिया था। विशेष पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित पदों को लेकर विवाद के बाद ये पद सामान्य श्रेणी में परिवर्तित कर दिए गए। प्रक्रिया के तहत 13 अक्टूबर 2018 को अंतरिम और 14 जनवरी 2020 को अंतिम परिणाम घोषित हुआ। सुचेता सफल घोषित हुईं और उन्हें 28 मई 2020 को नियुक्ति पत्र जारी किया गया। याचिका के अनुसार, 14 सितंबर 2021 को जारी वरिष्ठता सूची में उन्हें कम मेरिट वाले कुछ टीजीटी विज्ञान शिक्षकों से नीचे रखा गया।

■ मामले की अगली सुनवाई पांच नवंबर को

सफाई कर्मियों की नियमित भर्ती के मानदंडों पर कमेटी में बनी सहमति

पंचकूला। हरियाणा की नगर पालिकाओं, नगर परिषदों और नगर निगमों में सफाई कर्मचारियों तथा सीवरमैन की नियमित भर्ती के मानदंड निर्धारित करने के लिए गठित कमेटी की बैठक में वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को अनुभव का लाभ देने सहित महत्वपूर्ण प्रावधानों पर सहमति बनी। बैठक में बनी सहमति के आधार पर कमेटी की सिफारिशें मंजूरी के लिए जल्द सरकार को भेजी जाएंगी। नपा कर्मचारी संघ, हरियाणा राज्य प्रधान नरेश शास्त्री ने कमेटी के सदस्य के तौर पर बैठक में भाग लिया और संघ की ओर से सुझाव प्रस्तुत किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल भर्ती के मानदंडों पर कमेटी स्तर पर सहमति बनी है, जिन पर सरकार की स्वीकृति ली जानी है। नरेश शास्त्री ने बताया कि 11 सितंबर 2026 के समझौते के अनुसार शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने 30 सितंबर को कमेटी का गठन किया था। कमेटी में सरकार की ओर से स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), हरियाणा मिशन निदेशक शाश्वत सांगवान अध्यक्ष, शहरी स्थानीय निकाय विभाग अतिरिक्त निदेशक वीरेंद्र चौधरी सहित अन्य सदस्य शामिल है।

■ मंजूरी के लिए जल्द सरकार को भेजी जाएंगी सिफारिशें

भाजपा प्रदेश प्रभारी ईरानी का प्रवास आज से, मुख्यमंत्री सैनी देंगे रात्रिभोज



चंडीगढ़। हरियाणा भाजपा मामलों की प्रभारी स्मृति ईरानी बृहस्पतिवार को दो दिनों के अपने चंडीगढ़ प्रवास के लिए आ रही हैं। वे यहां पर कई दौर की बैठकें लेंगी। प्रभारी बनने के बाद में पहली बार आ रहीं स्मृति ईरानी के सम्मान में मुख्यमंत्री आवास पर रात्रिभोज का आयोजन प्रदेश मुख्यमंत्री नायब सैनी ने रखा है। भाजपा प्रभारी के पहले आधिकारिक दौरे को लेकर देर रात तक तैयारियों का दौर जारी था। संगठनात्मक बैठकों का सिलसिला भी लंबा चलेगा। जिसके बाद में देर शाम को 25 चुनिंदा नेता जुटेंगे और रात्रि भोज के दौरान भी विचार मंथन होगा। पार्टी संगठन और सरकार के बीच बेहतर तालमेल को लेकर दो दिन तक विचार मंथन होगा, जिसके बाद ही नई प्रभारी दिशा देने का काम करेंगी। 22 और 23 अक्टूबर को हरियाणा प्रवास पर आ रहीं प्रभारी स्मृति ईरानी संगठन को मजबूत बनाने व कार्यकर्ताओं, पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों को ज्यादा सक्रिय करने का काम करेंगी।

■ बिजली कंपनी बदलने से पहले बकाया का करना होगा हिसाब, शिकायतों पर रहेगी सरकार की नजर

गुरुग्राम और नूंह में उपभोक्ता खुद चुन सकेंगे ऑपरेटर

योगेंद्र शर्मा ⏭| चंडीगढ़

गुरुग्राम और नूंह के बिजली ग्राहकों को आने वाले दिनों में बिजली ऑपरेटर बदलने का विकल्प खुल गया है, लेकिन बिजली की कंपनी को बॉय-बॉय करने से ठीक पहले उन्हें पिछली कंपनी के बकाया का हिसाब करना होगा उसके बाद ही बदलाव होगा वर्ना इसमें ब्रेक लग जाएगा। अर्थात घरेलू हो या फिर उद्योग से जुड़े ग्राहक सभी के सामने यही शर्त होगी। पुराने बिल और बकाए का हिसाब करने के बाद ही अगला कदम उठाया जा सकेगा। भले ही निजी कंपनियों को गुरुग्राम और नूंह में काम दिए जाने का चौतरफा विरोध हो रहा हो लेकिन बिजली कटौती, वोल्टेज, कनेक्शन शिकायतों सभी की निगरानी होगी। यहां पर उल्लेखनीय है कि गुरुग्राम और नूंह में दो दिन पहले ही एचईआरसी की ओर से एक निजी कंपनी को लेकर हरिझंडी दे दी है। इस तरह की व्यवस्था में ग्राहकों को वितरण कंपनी चुनने का विकल्प खुलने जा रहा है लेकिन दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) से इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड को छोड़कर अगर किसी ग्राहक को पुराना बकाया जमा किए बगैर यह काम नहीं हो सकेगा। यहां पर यह भी बता दें कि हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) ने 25 साल के समांतर वितरण लाइसेंस व्यवस्था में स्पष्ट कर दिया है कि ग्राहकों को स्थानांतरण से पहले पुराने बिलों का बकाया और मीटर रीडिंग खातों के हस्तांतरण की प्रक्रिया तय करनी होगी। आयोग की मंजूरी के बिना दूसरी कंपनी में स्थानांतरित नहीं होगा और इलेवन पावर को लाइसेंस मिलने के 60 दिन के भीतर माइग्रेशन प्रोटोकॉल के लिए आयोग में याचिका दाखिल करनी होगी।

वोल्टेज कटौती का भी देना होगा हिसाब

एचईआरसी ने बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता मापने के लिए तकनीकी मानक तय किए हैं। इनमें ट्रांसफॉर्मर की वैकल्पिक व्यवस्था (एन-1), पीक डिमांड के दौरान बिजली वितरण परिसंपत्तियों की अधिकतम 80 प्रतिशत लोडिंग, बिजली कटौती की आवृत्ति और अवधि, वोल्टेज में उतार-चढ़ाव तथा मीटर बदलने में लगने वाला समय शामिल है। बिजली कटौती की आवृत्ति और कुल अवधि को एसएआईएफआई और एसएआईडीआई जैसे मानकों से मापा जाता है। कंपनी को हर तीन माह में प्रदर्शन रिपोर्ट प्रकाशित करनी होगी। सेवा मानकों का उल्लंघन होने पर उपभोक्ताओं को मुआवजा देने की व्यवस्था भी लागू होगी।

■ कर्मचारी लाइसेंस देने का कर रहे विरोध

सरकार दो साल के कार्यकाल का ब्योरा जनता के सामने रखे : सैलजा

चंडीगढ़। कांग्रेस कमेटी महासचिव और सांसद सैलजा ने भाजपा सरकार से अपने दो वर्षों के कार्यकाल का हिसाब जनता के सामने रखने की मांग की है। सांसद ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने महिलाओं, युवाओं, किसानों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और गरीब परिवारों से अनेक बड़े वादे किए थे। अब सरकार की जिम्मेदारी है कि वह बताए कि इनमें से कितने वादे पूरे हुए, कितनों पर काम चल रहा है और शेष घोषणाएं कब तक पूरी होंगी। सैलजा ने कहा कि भाजपा ने महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रुपए देने का वादा किया था। सरकार स्पष्ट करे कि वर्तमान में कितनी महिलाओं को यह राशि मिल रही है। इसी प्रकार प्रत्येक परिवार को 10 लाख रुपए तक मुफ्त उपचार उपलब्ध कराने की घोषणा की गई थी। सांसद ने कहा कि युवाओं को दो लाख पक्की सरकारी नौकरियां तथा पांच लाख अन्य रोजगार के अवसर देने का वादा किया गया था।



■ कांग्रेस कमेटी महासचिव ने सरकार के कार्यकाल पर उठाए सवाल

निजी कंपनियों के हित में काम कर रही सरकार

चंडीगढ़। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने बिजली विभाग के निजीकरण पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा है कि बीजेपी सरकार निजी कंपनियों के लिए काम कर रही। बिजली विभाग के निजीकरण से जनता पर महंगाई की और मार पड़ेगी और किसानों व गरीबों को इसका सबसे ज्यादा खामियाजा भुगतना पड़ेगा। हुड्डा भाजपा सरकार के 12 साल पूरे होने के मौके पर दिल्ली आवास पर विशेष पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। वहीं चंडीगढ़ में पार्टी विधायक जस्सी पेटवाड़ ने भाजपा की प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री सैनी पर जमकर हमला बोला साथ ही कहा कि मंडियों में फसल खरीद का काम ठीक नहीं है, व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। पेटवाड़ यही नहीं थमे, उन्होंने एक सवाल के जवाब में हरियाणा को नशे और ड्रग में नंबर वन बता दिया साथ ही पंजाब में ड्रग और नशे के बढ़ते प्रभाव पर बोलने से बचते रहे। गुरुग्राम और नूंह में बिजली निजी हाथों सौंपने का भी उन्होंने विरोध किया।

रोहतक
गुरुवार 22 अक्टूबर 2026
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
एकादशी वर्ष : 30, अंक : 259
पृष्ठ 16 मूल्य 3.00

मौसम हरियाणा
अधि. 35.0°C
न्यून. 14.7°C

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



7 अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का शेड्यूल घोषित, 21 जनवरी से आगाज

खबर संक्षेप

कांग्रेस की बैठक में करंट से 2 की मौत

प्रतापगढ़। राजस्थान के प्रतापगढ़ जिले के रेणंदा गांव में पंचायती राज चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक से पहले बड़ा हादसा हो गया। तेज हवा के चलते बैठक स्थल पर लगाया गया टेंट उड़ने लगा। टेंट को संभालने के प्रयास में मौके पर मौजूद लोगों ने उसके पाइप पकड़ लिए। इसी दौरान पाइप के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन के संपर्क में आ गए, जिससे करीब 15 लोग करंट की चपेट में आ गए। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई।



विजयन और अन्य के खिलाफ जांच पर रोक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कथित सीएमआरएल रिश्वत मामले में केरलम के पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, उनकी बेटी वीणा टी. और उनके दामाद पी.ए. मोहम्मद रियास के खिलाफ जांच पर एक सप्ताह के लिए रोक लगा दी। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने बुधवार को विजयन तथा अन्य को केरल हाईकोर्ट के एकल पीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ का रुख करने की अनुमति दी। शीर्ष अदालत विजयन और अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।



जेन-जी नहीं हैं आप, दो दिन में क्यों तोड़ा बॉन्ड : कोर्ट

लिखित माफीनामा व शपथ पत्र देकर छूटे रांका और दास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी के नेता सौरव दास और आशुतोष रांका को 7 दिन बाद दिल्ली की स्पेशल कोर्ट से जमानत मिल गई। इसके बाद देर शाम जेल से बाहर आ गए। सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों नेताओं को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा, आप जेन-जी नहीं हैं, दो दिन में ही बॉन्ड क्यों तोड़ा। दोनों को 13 अक्टूबर को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया था। वे 8-10 सीजेपी समर्थकों के साथ तिरंगा लेकर वहां पहुंचे थे। दरअसल, 12 अक्टूबर को सरकार ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने पर रोक लगा दी। इसके बावजूद 13 अक्टूबर को दोनों नेता तिरंगा लेकर वहां पहुंच गए। शांति नियम तोड़ने के आरोप में उन्हें 5 दिन के लिए जेल भेजा गया था। फिर 19 अक्टूबर को उनकी हिरासत 2 दिन और बढ़ा दी गई थी। इससे पहले बुधवार को ही दिल्ली हाईकोर्ट ने इस मामले में दखल देने से मना कर दिया और कहा कि नेता पहले मजिस्ट्रेट का फैसला आने दें, फिर जरूरत पड़ने पर ऊपरी अदालत जाएं।

खास बातें

- सीजेपी नेताओं को 7 दिन बाद बेल जेल से बाहर आए
- दिल्ली पुलिस ने 3 दिन की कस्टडी मांगी थी
- जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान पकड़े गए थे

50000 का बॉन्ड भरा, लिखकर दिया शांति भंग नहीं करेंगे



आशुतोष रांका सौरव दास

सात दिन से जेल में बंद आशुतोष और सौरव दास बुधवार देर शाम जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर आ गए। उन्हें 50 हजार के बॉन्ड भरने पर छोड़ा गया। साथ ही कोर्ट को लिखकर दिया कि अब शांति भंग नहीं करेंगे। दिल्ली पुलिस ने दोनों नेताओं से जुड़े जंतर मंतर मामले को क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर कर दिया है। इससे पहले उन पर दर्ज कनॉट प्लेस का मामला क्राइम ब्रांच को सौंपा गया था। दोनों ही केस की जांच अब एजेंसी करेगी। वहीं नेहा बोरा की याचिका पर 22 अक्टूबर को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। नेहा ने दिल्ली पुलिस के उस नोटिस को चुनौती दी है जिसमें उन्हें शांति बनाए रखने के लिए बॉन्ड भरने के लिए कहा गया था।

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने ये कहा

1 बॉन्ड तोड़ने पर उठाए
दोनों नेताओं (सौरव-आशुतोष) ने पहले शांति बनाए रखने का बॉन्ड दिया था, इसके बाद फिर ऐसी घटना हुई। अगर बॉन्ड तोड़ने की आशंका सच साबित हुई है, तो अधिकारियों का सख्त नियमों के तहत कार्रवाई करना गलत कैसे है?

2 बैरिकेड तोड़ने से शांति भंग होने का खतरा था
प्रदर्शनकारियों के साथ दूसरे लोग भी जुड़ सकते थे और माहौल बिगाड़ सकते थे। शांतिपूर्ण प्रदर्शन के लिए पुलिस से अनुमति ली जा सकती थी, ताकि उपद्रव करने वालों को रोका जा सके।

3 याचिकाकर्ताओं की उम्र
कोर्ट ने दोनों याचिकाकर्ताओं की उम्र पूछी। उनके वकील ने बताया, एक की उम्र 27 और दूसरे की 31 साल है। इस पर कोर्ट ने टिप्पणी की- 'जेन-जी नहीं हैं।' कोर्ट ने पूछा कि वे कौन हैं, क्या करते हैं व जिस संगठन से जुड़े हैं, उसका लक्ष्य क्या है।

4 जंतर-मंतर पर क्यों गए
अगर जंतर-मंतर पर रोक थी तो वहां गए क्यों? आपने पहले बॉन्ड भरा था, लेकिन अब आप दोबारा उस जगह जाने की बात कर रहे हैं, जबकि जंतर-मंतर को प्रदर्शन के लिए तय सूची से हटाने का मामला सुप्रीम कोर्ट में है। यह सुनवाई जस्टिस सुब्रमोनियम प्रसाद की अदालत में हुई। सौरव-आशुतोष की तरफ से एडवोकेट अभिक चिमनी ने दलीलें रखीं। दिल्ली पुलिस की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा और सीजीएससी आशीष दीक्षित पेश हुए।

हाईकोर्ट ने रिवीजन पिटीशन लगाने के लिए क्यों कहा?

कोर्ट ने कहा कि जब मजिस्ट्रेट के आदेश को चुनौती देने के लिए रिवीजन पिटीशन का विकल्प है, तो सीधे अनुच्छेद 226 के तहत हाईकोर्ट आने की जरूरत क्यों पड़ी? जब किसी आदेश को चुनौती देने के लिए कानून में अलग रास्ता है तो पहले उस रास्ते का इस्तेमाल करना चाहिए। इसलिए कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से मौजूदा याचिका वापस लेकर रिवीजन पिटीशन लगाने को कहा। इसके बाद सौरव दास और आशुतोष रांका ने अपनी याचिकाएं वापस ले लीं।

23 अक्टूबर तक खुला रहेगा

पहले ही दिन जियो का आईपीओ 3 गुना भरा

30,000 करोड़ के इश्यू के लिए 67 हजार करोड़ की बोली लगी | बड़े निवेशकों ने 9 गुना और आम लोगों ने 73% सब्सक्राइब किया



एजेंसी ▶▶ मुंबई

जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड का आईपीओ खुलने के पहले ही दिन यानी 21 अक्टूबर को टारगेट से 3 गुना ज्यादा भर गया। देश के सबसे बड़े आईपीओ में 30 हजार करोड़ रुपये के इश्यू के लिए 67 हजार करोड़ रुपये की बोली लग चुकी है। आईपीओ 23 अक्टूबर तक खुला है। कंपनी ने 30,188 करोड़ रुपये जुटाने के लिए कुल 27 करोड़ शेयर जारी किए हैं। बड़े इन्वेस्टर्स को 7.24 करोड़ शेयर बेचकर 8,110 करोड़ पहले ही मिल चुके हैं। आम लोगों के लिए रखे गए 19,75,25,934 शेयर्स के मुकाबले 60,10,21,860 शेयर्स के लिए आवेदन मिले हैं। आईपीओ को बड़े निवेशकों ने 9 गुना और आम लोगों ने 0.71 गुना सब्सक्राइब किया है। यह इश्यू ओवरऑल 3.04 गुना सब्सक्राइब हो चुका है। ग्रे मार्केट के हिसाब से लिस्टिंग पर 23% तक रिटर्न मिल सकता है। लिस्टिंग के बाद मार्केट कैप 10.30 लाख करोड़ तक पहुंच सकता है।

आईपीओ में कम से कम 13,428 रुपये लगाने होंगे

जियो के एक शेयर की कीमत यानी प्राइस बैंड 1,065 से 1,119 है। आम निवेशक को शेयर खरीदने के लिए कम से कम 13,428 लगाने होंगे, जबकि अधिकतम 14 लॉट यानी 168 शेयर के लिए अप्लाई कर सकते हैं। इसके लिए 1.87 लाख रुपए लगेंगे।

सब्सक्रिप्शन की स्थिति

- **संस्थागत निवेशक:** बड़े निवेशकों ने तय कोटे से 9.42 गुना ज्यादा बोली लगाई है।
- **आम निवेशक:** इस कैटेगरी में अब तक आईपीओ 73% सब्सक्राइब हो चुका हैं।
- **कर्मचारी:** इनके तय हिस्से का 1.36 गुना आईपीओ सब्सक्राइब हो चुका है।
- **शेयरहोल्डर्स:** रिलायंस के शेयरहोल्डर्स ने 1.46 गुना शेयर्स के लिए बोली लगाई है।

शेयरों की लिस्टिंग 1377 रुपये पर हो सकती है

लिस्ट होने के पहले कंपनी का शेयर ग्रे मार्केट में 23% यानी 258 प्रति शेयर के प्रीमियम पर पहुंच गया है। ग्रे मार्केट प्रीमियम यानी जीएमपी के हिसाब से देखें तो अपर प्राइस बैंड 1,119 के लिहाज से इसकी लिस्टिंग (1119+258=1377) 1377 पर हो सकती है।

किन्हें मिलेगा शेयरहोल्डर रिजर्वेशन का फायदा?

एलिजिबल रिलायंस शेयरहोल्डर्स में वे व्यक्ति और हिंदू अनडिवाइडेड फैमिली (एचयूएफ) शामिल हैं, जिनके पास कंपनी के रेड हियरिंग प्रॉस्पेक्टस यानी आरएचपी दाखिल करने की तारीख यानी 14 अक्टूबर तक रिलायंस इंडस्ट्रीज के पब्लिक इक्विटी शेयर थे।

जुटाई गई रकम से कर्ज चुकाएगी कंपनी

इस आईपीओ से मिलने वाली रकम का इस्तेमाल कंपनी की प्रमुख सब्सिडियरी, रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के कर्जों के पेमेंट के लिए किया जाएगा। इसके अलावा जनरल कॉर्पोरेट के कामों के लिए भी फंड का इस्तेमाल किया जाएगा। इश्यू के बाद प्रमोटर और प्रमोटर ग्रुप की हिस्सेदारी 66.43% से घटकर 64.48% रह जाएगी, जबकि पब्लिक शेयरहोल्डिंग 33.57% से बढ़कर 35.52% हो जाएगी।

एंकर इन्वेस्टर्स से 8,110 करोड़ जुटाए

आईपीओ पब्लिक के लिए ओपन होने से पहले कंपनी ने 212 एंकर इन्वेस्टर्स से 7.24 करोड़ शेयर्स बेचकर 8,110 करोड़ जुटाए। एंकर बुक को 30 गुना से ज्यादा सब्सक्रिप्शन मिला। यानी एंकर बुक के मुकाबले एंकर इन्वेस्टर्स ने करीब 2.5 लाख करोड़ की बोलियां लगाईं। एंकर इन्वेस्टर्स यानी बड़े इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स के लिए बिडिंग की तारीख 19 अक्टूबर थी। यह किसी भी भारतीय आईपीओ के लिए अब तक की सबसे बड़ी इंस्टीट्यूशनल बोली है। इसमें सबसे बड़े एसेट मैनेजर्स, सोवरेन वेल्थ फंड्स, भारत के प्रमुख म्यूचुअल फंड्स, बीमा कंपनियां और पेंशन फंड्स शामिल हुए थे।



खबर संक्षेप

बैंक से नीलामी में खरीदा सोना नकली निकलने पर केस दर्ज

कैथल। ऑनलाइन नीलामी में 12.79 लाख में खरीदा सोना नकली निकलने पर चीका के ज्वेलर ने एक्सिस बैंक के खिलाफ शिकायत दी है। ज्वेलर का आरोप है कि बैंक की गोहाना शाखा से खरीदे गए गोल्ड पैकेट में पूरा सोना नकली निकला। शिकायत के आधार पर चीका थाना पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चीका निवासी सुखपाल ने बताया कि वह शंकर ज्वेलर के नाम से कारोबार करता है। उसने एक्सिस बैंक की गोहाना शाखा से ऑनलाइन बोली प्रक्रिया के तहत नीलामी में निकला गोल्ड पैकेट 12.79 लाख रुपये में खरीदा था। 20 अगस्त को बैंक से पैकेट लेकर घर पहुंचने के बाद जब उसने सोने की जांच की तो वह नकली निकला। बैंक ने कोई सुनवाई नहीं की तो उसने डायल 112 पर सूचना दी और गोहाना सिटी थाने में भी शिकायत दर्ज करवाई।

हरिद्वार हाइवे पर कार पलटने से दो की मौत दो युवक घायल

पानीपत। पानीपत से लगते उत्तर प्रदेश के शामली जिला के कैराना कस्बे में हरिद्वार हाईवे पर कार पलट जाने से पानीपत के गांव शहरमालपुर निवासी संदीप दूहन और अंकित निवासी गांव रसलापुर जिला पानीपत की मौत हो गई। वहीं, इस हादसे में कार में सवार दो अन्य युवक भी घायल हुए हैं, जिनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार, संदीप पेशे से टेक्सटाइल व्यापारी था और अंकित, संदीप की फैक्ट्री में काम करता था। संदीप अपनी गाड़ी में अंकित और अपने कर्मचारी मेजर और आतिश को साथ लेकर हरिद्वार गया था, वापस लौटते समय यह हादसा हो गया।

ससुर की हत्या करने वाली बहू व प्रेमी को उम्रकैद

फरीदाबाद। संपत्ति अपने नाम कराने के लिए ससुर की गोली मारकर हत्या कराने वाली बहू और उसके प्रेमी को अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। बल्लभगढ़ की फ्रेंड्स कॉलोनी में 20 जनवरी 2022 की रात भरत सिंह भाटी की हत्या की गई थी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश केपी सिंह की अदालत ने बहू गीता और उसके प्रेमी दलीप उर्फ सैंडी उर्फ कालिया को दोषी ठहराते हुए यह सजा सुनाई। गीता पर दो लाख रुपये और दलीप पर 2.10 लाख रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। मामले की जानकारी लीगल एड एडवोकेट रविंदर गुप्ता ने दी। अभियोजन के अनुसार भरत सिंह की संपत्ति उनके नाम थी। उनके सौतेले बेटे विनोद की पत्नी गीता संपत्ति अपने नाम कराना चाहती थी और इसके लिए ससुर पर दबाव डाल रही थी। जब वह नहीं माने तो गीता ने उनकी हत्या की साजिश रची। ससुर को नींद की गोलियां दे दीं और फिर हत्या कर दी।

हत्या से सनसनी : फतेहाबाद और पानीपत में रिश्तों में विश्वास ने दम तोड़ा

बीमारी से परेशान बेटे ने पिता को मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



शहर के पुरानी तहसील चौक के डेरेवाला मोहल्ला इलाके में बुधवार दोपहर एक पारिवारिक विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। मानसिक तनाव और मिर्गी की समस्या से जूझ रहे छोटे बेटे ने मामूली कहासुनी के बाद अपने 60 वर्षीय पिता धर्मपाल की निर्मम हत्या कर दी।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना के समय मृतक की पत्नी घर में स्नान कर रही थीं, जबकि घर पर धर्मपाल और उनका 34 वर्षीय छोटा बेटा विजय मौजूद थे। किसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि गुस्से में आकर विजय ने पिता के सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। वारदात के वक्त मृतक का बड़ा बेटा सतीश पास ही एक किराना दुकान पर काम कर रहा था। सतीश की बेटी दौड़ती हुई दुकान पर पहुंची और सहमे हुए अंदाज में परिजनों को बताया कि चाचा ने दादा पर हमला कर दिया है।

मृतक के बड़े बेटे सतीश ने पुलिस को बताया कि उसका छोटा भाई विजय अविवाहित था और मजदूरी के साथ-साथ होटल पर भी काम करता था। विजय पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से काफी परेशान था और उसे मिर्गी के दौरे भी पड़ते थे। परिवार की आर्थिक तंगी के कारण उसका समुचित उपचार नहीं हो पा रहा था, जिसके चलते वह अक्सर घर में तनाव की स्थिति पैदा करता था। पुलिस फरार आरोपी बेटे की तलाश कर रही है।

अमेरिका से डिपोर्ट युवकों का शराब पार्टी में झगड़ा, एक दोस्त की 8 बार चाकू मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



मृतक राहुल।

पानीपत के गांव नांगल खेड़ी व विकास नगर के बीच स्थित एक भवन में विजयदशमी की शाम को दोस्तों के बीच चाकूबाजी की घटना हुई। चाकू के 8 बार वार से युवक की हत्या हो गई। आरोप उसके एक दोस्त समेत 4-5 युवकों पर लगा है। चाकू लगने से 28 वर्षीय राहुल मलिक निवासी गांव नांगलखेड़ी गंभीर रूप से घायल हो गया था। वारदात के दौरान घटनास्थल पर शराब पार्टी चल रही थी। घायल हुए राहुल को परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां बुधवार को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। राहुल का उपचार कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि उसके शरीर पर चाकू के प्रहार से हुए आठ गहरे घाव थे। इधर, राहुल की मौत की सूचना मिलने पर पुलिस निजी अस्पताल पहुंची और जांच के बाद पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया। इधर, पुलिस की जांच में पता चला कि शराब पार्टी में राहुल के दोस्त शामिल थे, पार्टी के दौरान इनके बीच कहासुनी हुई और फिर राहुल चाकूबाजी में गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस जांच में पता चला कि राहुल व हमलावरों में शामिल उसका बचपन का दोस्त डोंकी रास्ते से अमेरिका गए थे, वहां अमेरिकी पुलिस ने इन्हें पकड़ लिया और भारत डिपोर्ट कर दिया। सेक्टर 29 थाना प्रभारी रोबिन का कहना है कि पुलिस को झगड़े की सूचना मिली थी। इलाज के दौरान राहुल की मौत हो गई। परिजनों ने अभी शिकायत नहीं दी है, शिकायत मिलते ही पुलिस कार्रवाई करेगी। मुख्य आरोपी गांव का ही बताया जा रहा है।

निशानदेही को आए दो स्नेचर पुलिया से कूदे, टांगें टूटीं

- पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया, 38 फोन मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र पुलिस ने राहगीरों से छीनाझपटी करने के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक चंद्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन मार्ग में अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने आरोपी विकास उर्फ विक्की वासी गांधीनगर थानेसर, कमल उर्फ बच्ची वासी कलायत जिला कैथल, गोल्डी उर्फ गंजा वासी चीका जिला कैथल, दानिश वासी बिजनौर यूपी व सन्नी वासी फरल जिला कैथल को गिरफ्तार करके छीने गए 38 मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

अपराध अन्वेषण शाखा दो प्रभारी निरीक्षक मनदीप सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि ब्रह्मसरोवर के मेला ग्राउंड के आसपास कई व्यक्तियों से मोबाइल फोन व पैसों की छीनाझपटी की जा रही है। पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए आरोपियों को पकड़ लिया।

निरीक्षक मनदीप सिंह ने बताया कि आरोपियों को पुलिस टीम मेला ग्राउंड के साथ सफेदों के जंगल में बरामदगी व निशानदेही के लिए लेकर गई थी। आरोपी दानिश व विकास उर्फ विक्की ने पुलिस कस्टडी से भागने की कोशिश की और आरोपी एक पुलिया से कूद गए, जिससे उनकी टांगों में चोट लगी।

जानकारी देते हुए निरीक्षक मनदीप सिंह ने बताया कि सभी आरोपी नशा करने के आदी हैं तथा नशे की पूर्ति के लिए राहगीरों से मोबाइल और पैसे छीनते थे और नशा करते थे। आरोपी शाम के समय कुरुक्षेत्र से अंबाला व करनाल ट्रेनों में भी जाते थे और ट्रेनों में सफर करने सोते हुए यात्रियों के जेब से मोबाइल फोन व पैसे चोरी करके भाग जाते थे। इसके अलावा ट्रेनों में चार्जिंग पर लगे मोबाइल फोन भी चोरी कर लेते थे। आरोपी राहगीरों को डराने के लिए चाकू रखते थे।

पलवल में सब इंस्पेक्टर पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

- केस में मदद के नाम पर 5 हजार रुपये पहले वसूल चुका था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़/रेवाड़ी

नप में कंप्यूटर ऑपरेटर 18 हजार लेते दबोचा

कैथल। एंटी करप्शन ब्यूरो कैथल की टीम ने नगर परिषद कैथल में तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर संजय को 18 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। संयज पर आरोप है कि वह नगर परिषद के एक ठेकेदार से काम के बिल पास करवाने की एवज में रिश्वत मांग रहा था। बार-बार रुपये देने के लिए कहने से परेशान होकर ठेकेदार ने इसकी शिकायत एसीबी को दी। इसके बाद टीम ने जाल बिछाकर आरोपी को पकड़ लिया। उसके कब्जे से रिश्वत की रकम बरामद कर ली गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार संजय नगर परिषद में ठेके के तहत स्वीपर के पद पर लगा हुआ था लेकिन वह वर्तमान में म्यूनिसिपल इंजीनियर के कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर के तौर पर काम कर रहा था। एसीबी अब यह भी जांच कर रही है कि रिश्वत लेने के मामले में किसी अधिकारी की भूमिका तो नहीं है और क्या रकम किसी अन्य व्यक्ति के कहने पर मांगी गई थी। एसीबी इंस्पेक्टर सूबे सिंह ने बताया कि टीम ने कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर काम कर रहे संजय को 18 हजार की रिश्वत सहित काबू किया है। टीम यह जांच में जुटी है कि उसने यह राशि किस अधिकारी के नाम पर मांगी थी। यदि किसी अधिकारी की भूमिका सामने आती है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।



- नगर परिषद में ठेके के तहत स्वीपर के पद पर लगा था, कंप्यूटर ऑपरेटर का काम करने की भी होगी जांच, अधिकारियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में

नकली पुलिस अधिकारी को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते पकड़ा

पानीपत। एंटी करप्शन ब्यूरो की करनाल विंग ने हुडा औद्योगिक सेक्टर -29 थाने के तहत आने वाली कृष्णपुरा पुलिस चौकी में लंबित शिकायत का निपटारा कराने के नाम पर 10 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में दीपक निवासी हनुमान कॉलोनी, कुटानी रोड, पानीपत को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी दीपक खुद को पुलिस अधिकारी बताकर शिकायतकर्ता कलीराम निवासी गांव नलवी कलां जिला करनाल से रिश्वत ले रहा था।

वहीं, शिकायतकर्ता कलीराम ने आरोप लगाया कि रिश्वत मांगने के मामले में कृष्णपुरा चौकी में तैनात पुलिसकर्मी भी शामिल था। उसे भी एसीबी ने पकड़ा था, लेकिन उसके खिलाफ गिरफ्तारी नहीं की। डीएसपी एसीबी सतीश वत्स ने बताया कि एसीबी करनाल की टीम ने पुलिस चौकी कृष्णपुरा के पास आरोपी दीपक को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। यह काम बिचौलिए दीपक ने एक पुलिस कर्मी की शह पर किया है। पुलिस कर्मी से भी पूछताछ जारी है।

हनुमान टोली का झंडा तारों से टकराया, किशोर की करंट से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के नूरवाला के हरि सिंह चौक पर हनुमान स्वरूप की टोली के साथ धार्मिक झंडा लेकर चल रहा 15 वर्षीय गौरव निवासी भोला चौक की हाईवोल्टेज बिजली की तारों की चपेट में आकर करंट लगने से झुलस गया। गौरव को निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान गौरव की मौत हो गई। गौरव के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है और वह अपनी मां व दो बहनों का इकलौता सहारा था। गौरव नौवीं में पढ़ते हुए मजदूरी भी करता था। इधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद गौरव का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। इधर, स्थानीय निवासियों का आरोप है कि बिजली के तार नीचे होने के चलते ही गौरव की जान गई है, इससे पहले भी यहां पर कई हादसे हो चुके हैं। वहीं, बिजली निगम के पानीपत के सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर धर्म सुहाग ने कहा कि इस मामले की जांच करवाई जाएगी।

खेत में खंभे लगाने का विरोध, किसान ने पेट्रोल डालकर खुद को लगाई आग

- बिजली कर्मियों व पुलिस वालों के सामने ही किया आत्मदाह का प्रयास, पीजीआई रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जिले के धुराला गांव में बुधवार को खेत में बिजली के खंभे लगाने को लेकर किसान और बिजली निगम की टीम के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि खंभे लगाने का विरोध कर रहे किसान जगपाल सिंह ने बिजली कर्मचारियों और पुलिस की मौजूदगी में खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। उसे बचाने के प्रयास में उसकी बहन प्रीतो के हाथ भी झुलस गए। गंभीर रूप से झुलसे किसान को प्राथमिक उपचार के बाद चंडीगढ़ स्थित पीजीआई रेफर कर दिया गया।

किसान के भाई रमेश कुमार ने बताया कि वे चार भाई हैं और प्रत्येक के हिस्से में करीब आधा एकड़ जमीन आती है। उनके भाई जगपाल सिंह के खेत में बिजली निगम पहले ही चार खंभे लगा चुका है। अब खेत के ऊपर से 33 हजार और 11 हजार वोल्ट की बिजली लाइन गुजारने के लिए तीन और खंभे लगाने की योजना थी। जगपाल ने इस मामले को लेकर करीब छह महीने पहले अदालत में केस दायर किया था। जिसकी सुनवाई 4 नवंबर को निर्धारित है। वहीं, एसडीओ संदीप कुमार ने बताया कि जगपाल के पड़ोसी चरणजीत के घर की बिजली आपूर्ति में समस्या थी। चरणजीत ने मंत्री अनिल विज के समक्ष मामला उठाया था, जिसके बाद लाइन ठीक करने के निर्देश मिले थे। जगपाल के मामले में कोर्ट का कोई स्टे नहीं है।

मदद को हाथ बढ़े तो अमेरिका से पहुंचा शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

बेहतर भविष्य और परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने का सपना लेकर अमेरिका गए कैथल जिले के पूंडरी क्षेत्र के गांव ट्योंठा निवासी 26 वर्षीय अजय चौधरी का पार्थिव शरीर बुधवार को करीब 15 दिन बाद उनके पैतृक गांव पहुंचा। अजय अमेरिका के शिकागो शहर में रह रहा था और वहां एक राशन की दुकान पर काम करता था। वहां ब्रेन हेमरेज की वजह से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार के सामने बेटे का पार्थिव शरीर भारत लाने की चुनौती खड़ी हो गई। सामाजिक संस्थाओं, दोस्तों और रिश्तेदारों के सहयोग से शव को भारत लाने की व्यवस्था की गई। अजय के चाचा विनोद कुमार ने बताया कि परिवार ने करीब तीन साल पहले लगभग 42 लाख रुपये खर्च करके अजय को अमेरिका भेजा था। परिवार ने अपनी जमा-पूंजी लगाने के साथ दोस्तों और रिश्तेदारों से भी रुपये उधार लिए थे। अजय के परिवार में पिता धर्म सिंह, माता रेखा रानी और एक छोटी बहन है। परिवार के पास करीब पौना एकड़ जमीन है, जिस पर खेती करके वे अपना गुजारा करते हैं।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संदीप सोलंकी** पुत्र रविंदर सिंह, निवासी मकान नं. 854, अग्रोहा, हिसार, हरियाणा ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 164 / 2025 धारा 21 / 22 / 25 / 29 एन.डी.पी.एस. एक्ट, थाना अपराध शाखा, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **संदीप सोलंकी** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **संदीप सोलंकी** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 164 / 2025 धारा 21 / 22 / 25 / 29 एन.डी.पी.एस. एक्ट, थाना अपराध शाखा, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **संदीप सोलंकी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **26.11.2026** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री सुशील अनुज त्यागी,
विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस.), उत्तर,
कक्ष संख्या 207, द्वितीय तल,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15093/CRIME/2026

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 (2) (ii) Cr. P.C. देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राजेन्द्र कुमार पुत्रः** बनी सिंह, **निवासः** म.नं. 746, वार्ड नं. 1, बहादुरगढ़, जिलाः झज्जर, हरियाणा ने **FIR No. 910/14 U/s 3 DP DP Act., थानाः रानी बाग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राजेन्द्र कुमार** मिल नही रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राजेन्द्र कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 910/14 U/s 3 DP DP Act., थानाः रानी बाग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राजेन्द्र कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.12.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अनुराधा जिन्दल
ऐसीजेएम, कमरा नं. 101
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/15071/OD/2026
(Court Notice)

कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8(1)

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री आथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

कर्जदार(रों)/ सह-कर्जदार(रों) का नाम	प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन	कुल बकाया देय (रु.)	डिमांड नोटिस की तिथि	कब्जे की तिथि
श्री जसवंत सिंह श्रीमती रेशमा देवी जसवंत डेवरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10406972)	गांव बीबीपुर कलां, तहसील पेहोवा, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136128 में स्थित खेवट नंबर 88 में से सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति प्रकार : Area_Admeasuring सम्पत्ति क्षेत्रफल : 898	रु. 630043/- (रुपये छह लाख तीस हजार तैंतालीस केवल)	09-04-2026	19-10-2026

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ-41पी, प्रथम तल, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 22.10.2026 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

भारत सरकार
कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7वीं मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, से.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुडगाँव, हरियाणा-122050.
Email : roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing
Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor
Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar
Gurgaon, Haryana-122050
Email: roc.cpace@mca.gov.in

प्रारूप संख्या एसटीके-6
सार्वजनिक सूचना

{कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों का नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसरण में}

सार्वजनिक नोटिस : ROC/C-PACE/STK-2/248(2)/2026-27/1569 दिनांक :- 06/10/2026

संदर्भ :

1. कम्पनी अधिनियम, 20 13 की धारा 248 (2) के तहत निम्नलिखित (55) कम्पनियों का नाम हरियाणा राज्य से हटाने के मामले में:

S.No.	Work Item	CIN	Company Hindi Name
1	AC5729807	U45400HR2019PTC077913	बाला सुंदरी सप्लायर एंड सर्विस प्रोवाइडर प्राइवेट लिमिटेड
2	AC5779968	U45309HR2022PTC103499	पर्पल लैडर बिल्डहोम प्राइवेट लिमिटेड
3	AC5739763	U68100HR2020PTC087853	सेंज़ाई प्रॉपर्टीज प्राइवेट लिमिटेड
4	AC5738755	U72900HR2021PTC098702	प्रेयरी इनोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड
5	AC5803650	U55101HR2011PTC044378	जेडीएस रिसॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
6	AC5807697	U55101HR2013PTC048385	डीएसएस रिसॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड
7	AC5776999	U78300HR2023PTC111617	अलेग्रा कंसल्टेंसी प्राइवेट लिमिटेड
8	AC5774005	U46909HR2023PTC117312	शिफ्टइको रिसाइक्लिंग प्राइवेट लिमिटेड
9	AC5795569	U93000HR2019PTC078486	दुसुकी इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड
10	AC5695571	U74999HR2021PTC099803	एसकेएनएस होम डी'कोर इंटीरियो प्राइवेट लिमिटेड
11	AC5756051	U47190HR2024PTC119868	सनसेल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड
12	AC5714843	U70109HR2022PTC102271	प्रॉप हेज टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
13	AC5668156	U80200HR2025PTC133317	इंटेलिवर्ट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
14	AC5590273	U30204HR2024PTC122209	एक्साल्ट इंडिया इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड
15	AC5610510	U72900HR2022PTC107797	सॉफ्टअलाइव टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
16	AC5564090	U62013HR2025PTC127466	अबाकम्स डीजीटूल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
17	AC5650528	U74140HR2021PTC093393	ब्लिस इनोवेशन प्राइवेट लिमिटेड
18	AC5769914	U24231HR2002PTC034882	आइसिस फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड
19	AC5456738	U15549HR2021PTC098424	रासा सॉर्टेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
20	AC5258940	U74999HR2019PTC078309	कीप्लरसॉफ्ट प्राइवेट लिमिटेड
21	AC5775603	U46411HR2024PTC120920	ग्लैमस्टोरिया वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड
22	AC5796658	U80904HR2018OPC075294	डुएंडे एजुकेशन (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
23	AC5578436	U29292HR2011PTC042432	एडवांस वेबटेक प्राइवेट लिमिटेड
24	AC5885663	U62099HR2023PTC113366	फेस्टकॉर्प प्राइवेट लिमिटेड
25	AC5883771	U45100HR2026PTC140555	एट ईवी मूवमेंट प्राइवेट लिमिटेड
26	AC5840080	U47730HR2023OPC116453	कियानेरी क्रांति (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
27	AC5836478	U24230HR2022PTC106194	गोरिक आयुर्वेद प्राइवेट लिमिटेड
28	AC5798985	U01100HR2019PTC083352	पिवारा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड
29	AC5787237	U47640HR2024PTC120607	फंडामेंटल्स टॉयज़ प्राइवेट लिमिटेड
30	AC5696660	U74994HR2020PTC090437	माय शॉपिंग ट्रेंड्ज़ प्राइवेट लिमिटेड
31	AC5671069	U72200HR2022PTC107154	जतन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
32	AC5707194	U67200HR2022PTC105491	एडवोरेंस इंश्योरेंस ब्रोकर्स प्राइवेट लिमिटेड
33	AC5706988	U51909HR2022PTC105889	आरजेजे ओवरसीज मास्टर प्राइवेट लिमिटेड
34	AC5698390	U72900HR2021PTC096810	ईऑन डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड
35	AC5676414	U25209HR2014PTC051537	सोलेस्टर फैशन प्राइवेट लिमिटेड
36	AC5659288	U52100HR2015PTC055452	लेगेसी ई-कॉमर्स पोर्टल्स प्राइवेट लिमिटेड
37	AC5657258	U92419HR2022OPC101105	सीओसी टेल्स फोटोग्राफी (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
38	AC5655076	U15122HR2014PTC053490	के. एम. बेकवेल प्राइवेट लिमिटेड
39	AC5576900	U16231HR2024PTC123576	डेवपैक्स पैकेजिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
40	AC5654767	U74999HR2017PTC071069	ग्रैबऑन ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड
41	AC5693351	U72900HR2017PTC069061	बिट्सकी सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड
42	AC5631087	U72900HR2022PTC102226	10डी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
43	AC5699552	U74999HR2015PTC054277	इंडिया इवैल्यूएशन प्राइवेट लिमिटेड
44	AC5597771	U85499HR2023PTC111055	गाइडिंग लाइटस्टार एजुकेशन सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड
45	AC5594139	U74120HR2016PTC057918	सूर्यांश आरएमसी प्राइवेट लिमिटेड
46	AC5603103	U62020HR2023PTC116320	एरावेन्स कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड
47	AC5580793	U27209HR2016PTC063690	मेडिऑक्सी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड
48	AC5544368	U55209HR2020PTC089489	किचन नेक्स्ट डोर प्राइवेट लिमिटेड
49	AC5513864	U72900HR2022PTC103160	एनविजनडील्स प्राइवेट लिमिटेड
50	AC5549036	U45400HR2009PTC039005	एसोसिएटेड बिल्डवेल प्राइवेट लिमिटेड
51	AC5598999	U43299HR2023PTC111004	सेवटेक इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड
52	AC5593868	U68200HR2024PTC119473	इलिका रियलटेक प्राइवेट लिमिटेड
53	AC5715483	U01110HR2020PTC087253	धनीरवास फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड
54	AC5270212	U46632HR2023PTC111690	ब्लैक लेयर इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड
55	AC5457745	U80903HR2012PTC046096	ऑल इंजीनियरिंग एंड टेक्नो इकोनॉमिकल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्ट्रार को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रुप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्ट्रार से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।
3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है
4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

इरकन तिर्की
उप-पंजीयक
सीबीसी-07123/11/0673/2627 — **त्वरित कॉर्पोरेट समापन प्रसंस्करण केंद्र**

रोहतक, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

3

सुविचार

यदि आपको अपनी मंजिल तक पहुंचना है तो सबसे पहले रास्ता बनाना सीखें।




7 टेस्ट में स्टीव स्मिथ ने पूरे किए 11 हजार रन

खबर संक्षेप

सेंगोल बनाने वाले एथिराज का निधन

नई दिल्ली। नए संसद भवन में स्थापित सेंगोल को बनाने वाले ज्वैलर्स थिरु वुम्मिडी एथिराज



का बुधवार को चेन्नई में निधन हो गया। वे 99 साल के थे। एथिराज ने ऐतिहासिक 'सेंगोल' बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। यह सेंगोल 1947 में देश की आजादी के समय तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सौंपा गया था। आजादी के बाद सेंगोल प्रयागराज के इलाहाबाद म्यूजियम की नेहरू गैलरी में रखा गया था। *एजेंसी*

एचएएल ने वायुसेना को सौंपे 3 ट्रेनर विमान

नई दिल्ली। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने इंडियन एयरफोर्स को पहले 3 एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमान बुधवार को सौंप दिए हैं। पूरी तरह नए पायलटों की ट्रेनिंग शुरू होने में 2 साल तक लग सकते हैं। पहले एचटीटी-40 की डिलीवरी 18 सितंबर को बेंगलुरु में हुई थी। वायुसेना इन्हें हैदराबाद के पास एयरफोर्स अकादमी में नए पायलटों की ट्रेनिंग के लिए तैनात करेगी। इसके लिए पहले 25-30 विमानों का बेड़ा तैयार करना होगा। साथ ही, फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर्स को ट्रेनिंग देनी होगी, ताकि वे नए पायलटों को विमान उड़ाना सिखा सकें। *एजेंसी*

निजीकरण के विरोध में आज से तीन दिन की हड़ताल पर बिजली कर्मचारी

नूंह, गुरुग्राम में प्राइवेट कंपनी को लाइसेंस देने पर बवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री सैनी ने मुद्दे को लेकर प्रशासनिक सचिवों के साथ बैठक की। उन्होंने कर्मचारियों से हड़ताल पर न जाने की अपील की। वहीं, बिजली मंत्री अनिल विज ने दोपहर 3 बजे बिजली कर्मचारियों को बातचीत के लिए बुलाया था, लेकिन बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने बैठक में शामिल होने से इनकार कर दिया।

- *सरकार ने बिजली अफसरों की छुट्टियां रद्द की*
- *मुख्यमंत्री बोले, सरकार कर्मचारियों के साथ खड़ी*
- *सीएम सैनी ने पसंद के वकीलों से केस लड़ने की पेशकश भी की*

गुरुग्राम और नूंह में निजी कंपनी इलेवन पावर प्राइवेट लिमिटेड को बिजली सप्लाई का लाइसेंस देने का विरोध तेज हो गया है। बिजली कर्मचारियों ने 22 अक्टूबर से तीन दिन की हड़ताल का ऐलान किया है। सरकार ने बिजली निगम के 25 अधिकारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। उन्हें तत्काल ड्यूटी पर लौटने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रशासनिक सचिवों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सरकार बिजली कर्मचारियों के साथ है। एचईआरसी के फैसले के खिलाफ विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण (एपीटीईएल) में अपील करेगी। मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों की पसंद के वकीलों से केस लड़ने की पेशकश भी की। साथ ही, हड़ताल पर न जाने की अपील की। ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि सरकार 5-6 दिन में अपील करेगी। फैसले पर स्टे लेने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने शुरू से ही निजी कंपनी को लाइसेंस देने का विरोध किया है। कर्मचारी नेताओं की ओर से सुझाए गए वकील को भी सरकार साथ लेगी। वहीं, विज ने बुधवार दोपहर 3 बजे बिजली कर्मचारियों को बातचीत के लिए बुलाया था। लेकिन बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने बैठक में शामिल होने से इनकार कर दिया। मोर्चे ने शॉर्ट नोटिस, कुछ वरिष्ठ पदाधिकारियों की अस्वस्थता और पहले से तय व्यस्तताओं का हवाला दिया।



पैरलल लाइसेंस के आदेशों की जलाई प्रतियां, प्रदर्शन

हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को बिजली कर्मियों ने राज्य की सभी सब डिवीजन में पैरलल लाइसेंस देने के आदेश की प्रतियां जलाईं। इस अवसर पर कर्मचारियों ने ऐलान किया कि बुधवार रात दस बजे से ही बिजली कर्मचारी तीन दिवसीय हड़ताल पर चले जाएंगे। सांझा मोर्चा के सदस्यों ने बताया कि मोर्चा की तरफ से हड़ताल का नोटिस देने से पहले पत्र और स्मरण पत्र लिखकर समीक्षा बैठक का समय मांगा गया, लेकिन सरकार ने न तो मानी हुई मांगों को लागू किया और न ही मीटिंग का समय दिया।

लाइसेंस के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट तक लड़ेंगे कानूनी लड़ाई : विज

चंडीगढ़। ऊर्जा मंत्री हरियाणा अनिल विज ने साफ कर दिया है कि किसी भी समस्या का समाधान बातचीत से होता है और बातचीत के लिए सरकार के दरवाजे खुले हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गुरुग्राम और नूंह में बिजली वितरण के लिए दिए गए लाइसेंस के विरोध में विद्युत अपीलीय न्यायाधिकरण (एपीटीईएल) में अपील दायर करेगी। अपील अगले 5 से 6 दिनों में दायर कर दी जाएगी जबकि अपील करने के लिए 45 दिनों का समय होता है। उन्होंने कहा कि फैसले के विरोध में स्टे लेने की कोशिश भी करेंगे, क्योंकि हम पूरी तरह से कर्मचारियों के साथ हैं।

पैरा एशियन गेम्स

तीसरे दिन 27 मेडल हरियाणा के 4 ब्रॉन्ज

5 गोल्ड, 11 सिल्वर व 11 ब्रॉन्ज जीते



नागोया (एजेंसी)। भारत ने पैरा एशियन गेम्स के तीसरे दिन बुधवार को 27 मेडल जीते। इनमें 5 गोल्ड, 11 सिल्वर और 11 ब्रॉन्ज शामिल हैं। हरियाणा के खिलाड़ियों ने एक बार फिर दम दिखाते हुए चार ब्रॉन्ज मेडल भारत की झोली में डाले। झज्जर के गौरिया गांव के हनी ने पुरुषों की डिस्कस थ्रो एफ37 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। वहीं, झज्जर के गोयला कला गांव के सुखचैन ने पुरुषों के भाला फेंक एफ55 स्पर्धा में कांस्य जीता। वहीं, रोहतक के बोहर गांव के हिमांशु नांदल ने पुरुषों की 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक एस11 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता और रोहतक के चिड़ी चांदी गांव की बेटी करमज्योति ने महिलाओं की डिस्कस थ्रो एफ55 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। भारत के अब 14 गोल्ड समेत कुल 62 मेडल हो गए हैं। इनमें 22 सिल्वर और 26 ब्रॉन्ज शामिल हैं। टीम इंडिया मेडल टैली में पांचवे स्थान पर है।

आयुष को दूसरा गोल्ड

आयुष 8.16 मीटर थ्रो के साथ पहले स्थान पर रहे। आयुष का दूसरा मेडल है। वे एक ब्रॉन्ज भी जीत चुके हैं। ईरान के अलीरेजा हेमामी ने 8.09 मीटर थ्रो के साथ सिल्वर जीता। कजाकिस्तान के मखाम्बेट सेरिक्कलीयेव 6.81 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। एफ53 कैटेगरी उन फील्ड एथलीट्स के लिए है, जिनके धड़ और पैरों की गतिविधियां प्रभावित होती हैं। खिलाड़ी बैठकर मुकाबला करते हैं। इस कैटेगरी में हाथों की पकड़ पर असर कम होता है। *(खेल पेज भी देखें)*

प्रवीण कुमार ने 2.05 मीटर की छलांग लगाई

पुरुषों की हाई जंप टी64 स्पर्धा में प्रवीण कुमार ने 2.05 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 2.02 मीटर के अपने पिछले गेम्स रिकॉर्ड को तोड़ते हुए नया रिकॉर्ड बनाया। बंटी ने 1.92 मीटर की व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाकर रजत पदक अपने नाम किया।

सचिन खिलारी का शॉटपुट में सोना

सचिन खिलारी ने एशियन पैरा गेम्स में पुरुषों की शॉटपुट एफ46 स्पर्धा में अपना गोल्ड मेडल बरकरार रखा। इसी स्पर्धा में मोहम्मद यासेर ने सिल्वर और परवीन ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर भारत को तीनों पदक दिलाए।

हनी ने आखिरी प्रयास में जीता ब्रॉन्ज

20 साल के हनी ने पुरुषों की डिस्कस थ्रो एफ37 फाइनल में ब्रॉन्ज मेडल जीता। वे आखिरी प्रयास से पहले चौथे स्थान पर थे, लेकिन छठे प्रयास में 57.04 मीटर का अपना पर्सनल बेस्ट थ्रो कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। उज्बेकिस्तान के कुदरतिल्लोखोन मारुफखुजाएव ने गोल्ड और पाकिस्तान के हैदर अली ने सिल्वर जीता।

शैलेश कुमार को लॉन्ग जंप में ब्रॉन्ज

शैलेश कुमार ने पुरुषों के लॉन्ग जंप टी42/टी61/टी63 फाइनल में ब्रॉन्ज मेडल जीता। उन्होंने 5.57 मीटर की छलांग लगाकर T42 कैटेगरी में गेम्स रिकॉर्ड बनाया। भारत के ही महेंद्र गुर्जर 5.56 मीटर के साथ चौथे स्थान पर रहे।

दिल्ली-एनसीआर में दम घोंटू हुई हवा

एक्यूआई 240 के पार ग्रैप-1 के नियम लागू

होटलों में तंदूर और जनरेटर के इस्तेमाल पर रोक
दिल्ली में खराब हवा से हर साल बारह हजार मौतें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में हवा की गुणवत्ता खराब होने के बाद बुधवार को ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के पहले चरण की पाबंदियां लागू कर दी गईं। इसके तहत रेस्टोरेंट के तंदूर में कोयले और लकड़ी के इस्तेमाल करने पर रोक रहेगी। डीजल जनरेटर का इस्तेमाल केवल इमरजेंसी या जरूरी परिस्थितियों में किया जा सकेगा। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के मुताबिक, दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 20 अक्टूबर को 179 था, जो 21 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे बढ़कर 244 पहुंच गया। मौसम एजेंसियों ने आने वाले दिनों में भी एक्यूआई खराब श्रेणी में बने रहने का अनुमान जताया है।

ग्रैप-1 लागू होते ही क्या बदला

- निर्माण और तोड़फोड़ की जगह पर एंटी-स्मॉग गन का इस्तेमाल जरूरी है।
- होटल, ढाबों और रेस्टोरेंट के तंदूर में कोयला या लकड़ी जलाने पर सख्त रोक रहेगी।
- सड़कों पर धूल उड़ने से रोकने के लिए पानी का छिड़काव और मशीनों से सफाई तेज कर दी गई है।
- खुले में कचरा या सूखे पते जलाने वालों पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा।

दिल्ली में एक से गैर बीएस-6 गाड़ियों की एंट्री बैन

एक नवंबर से दिल्ली के अंदर उन गाड़ियों की एंट्री पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दी जाएगी जो बीएस-6 उत्सर्जन मानकों का पालन नहीं करती हैं। दिल्ली में बढ़ते स्मॉग और जहरीली हवा से निपटने के लिए यह नियम लागू होने जा रहा है। राहत की बात यह है कि सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ-साथ उन डीजल ट्रकों और बसों को छूट दी गई है। नियम तोड़ने पर जुर्माना लगाया जाएगा।

सीएम भगवंत मान का 50 हजार का चालान

नई दिल्ली (एजेंसी)। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पेरिस से लौटने पर दिल्ली एयरपोर्ट पर तीन घंटे रोका गया और उसके बाद 50,000 रुपये का चालान भी काट दिया गया। आम आदमी पार्टी पंजाब के मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने कहा है कि भाजपा की केंद्र सरकार पंजाबियत को नीचा दिखाने का कोई भी मौका हाथ से नहीं जाने देती है। पन्नू ने यह नहीं बताया कि यह जुर्माना क्यों लगाया गया है लेकिन आरोप लगाया है कि

पेरिस से लौटने समय 3 घंटे तक दिल्ली एयरपोर्ट पर रोका गया

एयरपोर्ट के अधिकारियों ने ऊपर से भारी दबाव होने का हवाला दिया है। पन्नू ने कहा कि इससे साबित होता है कि यह सब कुछ ऊपर से आए आदेशों के तहत किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार हर स्तर पर पंजाब के साथ धक्केशाही करती है। पहले दिल्ली की सीमाओं पर डेढ़ साल तक किसानों को जबरन बैठाकर रखा गया और फिर पंजाब के हक के फंड जारी नहीं किए गए। पन्नू ने कहा कि अब तक कम से कम चार बार सीएम मान को विदेश यात्रा की इजाजत इसलिए नहीं दी गई क्योंकि भाजपा सरकार को डर है कि अगर मुख्यमंत्री विदेश गए तो वहां से निवेश और फंड लाकर पंजाब को तरक्की की राह पर ले जाएंगे।

सरकार ने जारी की एडवाइजरी

भड़काऊ बहस व राष्ट्र विरोधी सामग्री से बचें टीवी चैनल

नई दिल्ली (एजेंसी)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने बुधवार को सैटेलाइट टीवी चैनलों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। उसमें उनसे कहा गया है कि वे आतंकवाद-रोधी अभियानों की लाइव करवेज से बचें, हिंसक दृश्यों सो दिखाते समय सावधानी बरतें और राष्ट्र-विरोधी सामग्री प्रसारित करने से परहेज करें। मंत्रालय ने अपनी एडवाइजरी में चैनलों से कहा है कि वे केबल टेलीविजन नेटवर्क एक्ट, 1995 और केबल टेलीविजन नेटवर्क रूल्स, 1994 के तहत तय किए गए प्रोग्राम कोड का सख्ती से पालन करें। मंत्रालय ने कहा, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने देखा है कि कई निजी सैटेलाइट टीवी चैनल, 'केबल टेलीविजन नेटवर्क (रेगुलेशन) एक्ट, 1995' और 'केबल टेलीविजन नेटवर्क रूल्स, 1994' के तहत निर्धारित प्रोग्राम कोड के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं।

एआई के गलत इस्तेमाल पर किया अलर्ट

डार्क वेब पर नाम-नंबर मौजूद

एसबीआई के 4,000 ग्राहकों का डेटा लीक

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के करीब 4,000 ग्राहकों का डेटा डार्क वेब पर लीक हो गया है। बैंक ने डेटा लीक की जांच भी शुरू कर दी है। एसबीआई ने बुधवार को स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी। बैंक ने बताया कि डार्क वेब पर लीक डेटा में से 3,897 कस्टमर रिकॉर्ड्स में पर्सनली आइडेंटिफिएबल इनफार्मेशन (पीआईआई) पाई गई है। पीआईआई यानी नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल, पता, आधार या बैंक सीआईएफ नंबर जैसी डिटेल्स हैं। सीबीआई ने बताया कि उसे 16 अक्टूबर को डार्क वेब पर डेटा लीक को लेकर अलर्ट मिले थे। ये अलर्ट बैंक के थ्रेट इंटेलिजेंस सर्विस प्रोवाइडर, डिफेंस साइबर एजेंसी और इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम की तरफ से जारी किए गए थे।

बैंक बोला- कामकाज और सर्विसेज पर असर नहीं



टाइगर पर फायरिंग मामले में पुलिस का बड़ा खुलासा

खरखौदा में काम करने वाली राधा और बबीता ने मुंबई पहुंचाए हथियार

सोनीपत के कुणाल और सुमित ने एक पिस्टल और 20 कारतूस जुटाए

एजेंसी/हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंबई/सोनीपत

एक्टर टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग में इस्तेमाल हुए हथियार फायरिंग में इस्तेमाल हुए हथियार अमृतसर से लाए गए थे। सोनीपत के खरखौदा में काम करने वाली और मूल रूप से उत्तर प्रदेश की रहने वाली दो महिलाओं राधा (23) और बबीता (23) ने मुंबई पहुंचाए थे। मुंबई पुलिस ने बुधवार को यह दावा किया। पुलिस ने बताया कि हरियाणा के सोनीपत के कुणाल (21) और सुमित (19) ने लॉरेंस गैंग के मेंबर अनिल पंडित के निर्देश पर एक पिस्टल और 20 कारतूस जुटाए थे। पुलिस ने गांव देवडू निवासी समीर और खरखौदा के जतीन समेत अब तक 7 को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को ट्रांजिट रिमांड पर लिया है।



इससे पहले तीन लोग कोटा से गिरफ्तार हुए थे। इनमें बिहार का ऋतिक, हरियाणा के रेहान और फूल सिंह शामिल थे। इन्हें मुंबई लाया गया, जहां कोर्ट ने तीनों आरोपियों को 31 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। कुणाल और सुमित को हथियार लाने के लिए अनिल ने 70 से 80 हजार दिए थे। इसमें से करीब 10 से 12 हजार रुपये राधा और बबीता को दिए गए।

कुणाल जेल से बाहर आने के बाद अनिल पंडित के संपर्क में आया

जांच से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, कुणाल जुलाई में सोनीपत जेल से बाहर आया था। इसके बाद एक दोस्त ने उसकी मुलाकात लॉरेंस गैंग के मेंबर अनिल पंडित से कराई। दोनों एनक्रिप्टेड मैसेजिंग ऐप के जरिए बातचीत करने लगे। पुलिस को शक है कि अनिल विदेश में रहकर अपने नेटवर्क के लोगों को निर्देश दे रहा था। करीब दो हफ्ते पहले अनिल ने कुणाल को अमृतसर से हथियार जुटाकर मुंबई पहुंचाने की जिम्मेदारी दी। कुणाल ने इस काम में सुमित को साथ लिया।

अमृतसर में 'डेड लेटर बॉक्स' से उठाए हथियार

सूत्रों के मुताबिक, कुणाल और सुमित अमृतसर पहुंचे। वहां एक तय जगह पर एक पिस्टल और 20 कारतूस रखे थे, जहां से उन्होंने उसे कलेक्ट किया। लेकिन हथियार किसने रखे, यह कुणाल और सुमित को नहीं बताया गया। इस तरीके को 'डेड लेटर बॉक्स' कहा जाता है। इसमें सामान किसी तय जगह पर छोड़ दिया जाता है, जहां से दूसरा व्यक्ति उसे उठा लेता है। इस तरह दोनों को सीधे मिलने की जरूरत नहीं होती और पहचान का भी खुलासा नहीं होता। सूत्रों का कहना है कि कुणाल और सुमित को हथियार लाने के लिए अनिल पंडित ने 70 से 80 हजार रुपये दिए थे। इसमें से करीब 10 से 12 हजार रुपये राधा और बबीता को दिए गए।

खबर संक्षेप

महिंद्रा हॉलिडेज का लाभ बढ़कर 16.42 प्रतिशत



मुंबई। महिंद्रा हॉलिडेज एंड रिजॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 16.42 प्रतिशत बढ़कर 19.71 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 16.93 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था।

ब्रिटेन में महंगाई दर एक साल के उच्चस्तर पर

लंदन। ईरान युद्ध के कारण ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच ब्रिटेन में महंगाई दर सितंबर में बढ़कर करीब एक साल के उच्चतम स्तर 3.5 प्रतिशत पर पहुंच गई। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आधिकारिक आंकड़ों से यह संकेत मिला है कि बैंक ऑफ इंग्लैंड अगले महीने ब्याज दरें बढ़ा सकता है।

आय फाइनेंस का मुनाफा दूसरी तिमाही में दोगुना

नई दिल्ली। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) आय फाइनेंस का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में दोगुना से अधिक होकर 86.7 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। एक साल पहले 2025-26 की इसी तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 34.5 करोड़ रुपये था। आय फाइनेंस की कुल आय आलोच्य तिमाही में 18.42 प्रतिशत बढ़कर 527 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले जुलाई-सितंबर तिमाही में 445 करोड़ रुपये थी।

निजी सुरक्षा कुंजियों में गड़बड़ी होने की दी जानकारी

ईमुद्रा के डिजिटल प्रमाणपत्र में गड़बड़ी गूगल व मोज़िला ने कुछ प्रमाणन रोके

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय डिजिटल प्रमाणन कंपनी ईमुद्रा ने अपने कुछ डिजिटल प्रमाणपत्र से जुड़ी निजी सुरक्षा 'कुंजियों' में गड़बड़ी होने की जानकारी दी है। इन 'कुंजियों' का दुरुपयोग कर साइबर अपराधी असली वेबसाइट की नकल करने वाले फर्जी मंच बना सकते हैं और लोगों को धोखे से भुगतान करने के लिए उकसा सकते हैं। साइबर सुरक्षा एजेंसी भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) ने एक परामर्श में यह जानकारी दी है।

ईमुद्रा कंपनियों और अन्य कारोबारी संस्थाओं को डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र जारी करती है। इन प्रमाणपत्र का इस्तेमाल कई तरह के ऑनलाइन लेनदेन में किया जाता है। इंटरनेट पर वेबसाइट और उपयोगकर्ताओं के बीच भेजी जाने वाली जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए डिजिटल प्रमाणपत्र और सुरक्षा कुंजियों का इस्तेमाल होता है।


कुंजियों का दुरुपयोग साइबर अपराधी कर सकते हैं

असली वेबसाइट की नकल कर फर्जी मंच बना सकते हैं

लोगों को धोखे से भुगतान करने के लिए उकसा सकते हैं

ई-हस्ताक्षर कारोबार पर कोई असर नहीं पड़ा

ईमुद्रा ने अपने बयान में कहा कि इस घटना का भारत में उसके डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (डीएससी) और ई-हस्ताक्षर कारोबार पर कोई असर नहीं पड़ा है। हालांकि, कंपनी के वैश्विक टीएलएस कारोबार का एक छोटा हिस्सा प्रभावित हुआ है। सीईआरटी-इन के अनुसार, ईमुद्रा ने बताया कि उसकी सार्वजनिक कुंजी अवसंरचना में आठ मध्यवर्ती प्रमाणन प्राधिकरण प्रमाणपत्रों से जुड़ी निजी सुरक्षा कुंजियों के साथ कुछ गड़बड़ी हुई है।



कुंजी हासिल कर फर्जी प्रमाणपत्र बना सकता है

इनमें छह टीएलएस प्रमाणपत्र और दो सॉफ्टवेयर पर डिजिटल हस्ताक्षर करने के लिए इस्तेमाल होने वाले प्रमाणपत्र शामिल हैं। निजी सुरक्षा कुंजी का इस्तेमाल डिजिटल प्रमाणपत्र की विश्वसनीयता बनाए रखने में होता है। यदि कोई अनधिकृत व्यक्ति ऐसी कुंजी हासिल कर ले, तो वह उसके जरिये फर्जी प्रमाणपत्र बना सकता है।

भौतिक तथा डिजिटल सुरक्षा उपाय बरकरार : *इससे किसी असली वेबसाइट या भुगतान सेवा की नकल करना संभव हो सकता है। ऐसे में लोग यह समझकर फर्जी वेबसाइट पर भुगतान कर सकते हैं कि वे किसी वास्तविक कंपनी की वेबसाइट पर हैं। उसकी प्रणालियों की सुरक्षा से समझौता नहीं हुआ है, कोई डेटा चोरी नहीं हुआ है और कंपनी के भौतिक तथा डिजिटल सुरक्षा उपाय बरकरार हैं।*

कंप्यूटर तंत्र में एक खामी है कारण

ईमुद्रा ने बताया कि उसके कंप्यूटर तंत्र में एक खामी के कारण मूल मजबूत सुरक्षा कुंजियों के साथ कुछ कमजोर कुंजियां भी बन गई थीं। एक शोधकर्ता ने एप्पल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट और मोजिला को सूचित किया था कि कृत्रिम मेधा (एआई) की मदद से इन कमजोर कुंजियों का पता लगाया जा सकता है।

डोमेन के लिए भी फर्जी प्रमाण पत्र जारी हो सकता है

सीईआरटी-इन ने कहा कि इन निजी कुंजियों तक पहुंच रखने वाला हमलावर ऐसे डोमेन के लिए भी फर्जी प्रमाणपत्र जारी कर सकता है, जिन पर उसका नियंत्रण नहीं है। इन प्रमाणपत्र के जरिये असली वेबसाइट की नकल की जा सकती है और उनके माध्यम से भेजी जाने वाली जानकारी को बीच में रोकने या उसमें बदलाव करने की कोशिश की जा सकती है। इसे 'मैन-इन-द-मिडिल' हमला कहा जाता है।

वीआईटी द्वारा वीआईटीईईई 2027 के लिए आवेदन आमंत्रित किए



वेल्लोर। वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ने वीआईटीईईई 2027 के लिए आवेदन आमंत्रित कर दिए हैं, जिससे इंजीनियरिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने के इच्छुक छात्रों को अपने सपनों के कैरियर की ओर अगला कदम बढ़ाने का मौका मिल रहा है।ज्ञातव्य है कि छात्र अब वीआईटी के प्रमुख इंजीनियरिंग कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए वीआईटी की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ये कार्यक्रम वेल्लोर, चेन्नई, अमरावती (आंध्र प्रदेश) और भोपाल (मध्य प्रदेश) स्थित परिसरों में उपलब्ध हैं।वीआईटीईईई 2027 का आयोजन एक ही चरण में 28 अप्रैल से 2 मई, 2027 तक किया जाएगा। यह परीक्षा भारत के 133 शहरों और 9 अंतरराष्ट्रीय केंद्रों पर आयोजित की जाएगी, जिससे भारत और विदेश दोनों के उम्मीदवारों को प्रवेश परीक्षा में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

नोटिस

श्री सुरजन सिंह, चालक सं० 183 पुत्र श्री शेर सिंह, निवासी मोहल्ला जटवाडा गांव व डा., तहसील बावल व जिला रेवाड़ी अपनी ड्यूटी से बिना किसी पूर्व सूचना के दिनांक 06.08.2024 से लगातार स्वेच्छापूर्वक अनुपस्थित चल रहा है के एवज में विभागीय कार्यवाही अनुसार उसे पत्र क्रमांक 2777/ईए / ईसीडी दिनांक 03.06.2026 द्वारा सेवा समाप्ति का नोटिस जारी है।

अतः इस नोटिस के माध्यम से उसे सूचित किया जाता है कि वह इस नोटिस के प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिन के अन्दर-अन्दर किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में उपस्थित होकर सेवा समाप्ति नोटिस बारे जवाब प्रस्तुत करें अन्यथा नोटिस में प्रस्तावित सजा की पुष्टि कर दी जाएगी।

हस्ता/-महाप्रबन्धक,
हरियाणा राज्य परिवहन, कैथल।
पीआरडीएच-1119/11/952/2027/50398/88/6 दि. 21.10.26

उत्तर रेलवे

निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए
ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम के माध्यम से ई–निविदाएं आमंत्रित

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम के माध्यम से ई–निविदाएं (E-Tenders) आमंत्रित करते हैं

क्र. सं.	टेंडर नंबर	संक्षिप्त विवरण	अवधि	समापन तिथि
01	RC2-LP-EDH-JUDW 26 Dated: 21.10.2026	उत्तर रेलवे के अतिरिक्त मंडल चिकित्सालय, जगाधरी वर्कशॉप में रोजाना की जरूरतों के लिए दवाइयों, सर्जिकल सामान और इस्तेमाल होने वाली चीजों की लोकल खरीद यमुना नगर और जगाधरी म्युनिसिपल सीमा में मौजूद वेंडरों (जैसे फर्म, डिस्ट्रीब्यूटर, केमिस्ट की दुकानें, रिटेल दुकानें या अधिकृत स्टॉकिस्ट) के साथ रेट कॉन्ट्रैक्ट करके और उनके द्वारा दिए गए डिस्काउंट के आधार पर दो साल की अवधि के लिए की जाएगी।	02 Years	13.11.2026

नोट 1. वेंडर जानकारी के लिए IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं।
2. किसी भी मैनुअल ऑफर पर विचार नही किया जाएगा।
L.No. 43-Med/L.P.-RC/JUDW/2026 Dated: 21.10.2026 3653/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

प्रेस नोट

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुनारिया, रोहतक में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरों की आवश्यकता है। इस संबंध में खुले बाजार से खरीद प्रक्रिया के अंतर्गत आम जनता, संबंधित ठेकेदारों, व्यापारियों, दुकानदारों एवं सीसीटीवी कैमरों की आपूर्ति एवं स्थापना से संबंधित इच्छुक फर्मों/व्यक्तियों को अपने कोटेशन एवं प्रस्तावों सहित आमंत्रित किया जाता है।

इच्छुक फर्मों/व्यक्तियों द्वारा प्रस्तुत कोटेशन एवं प्रस्तावों में सामान की गुणवत्ता एवं न्यूनतम दरों को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार खरीद प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी।

इस कार्य हेतु पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुनारिया, रोहतक की ओर से एएसआई संदीप कुमार को संबंधित कार्य के लिए नामित किया गया है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपने प्रस्तावों एवं कोटेशन सहित इनसे संपर्क कर सकते हैं तथा आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

संपर्क अधिकारीः- एएसआई संदीप कुमार 3/56 IRB
मोबाइल नंबरः- 9992487108
पीआरडीएच-1084/11/5497/2027/50369/88/6 दि. 21.10.26


रुपया छह सप्ताह के उच्चस्तर 94.43 प्रति डॉलर पर

मुंबई (भाषा)। रुपया बुधवार को 48 पैसे मजबूत होकर छह सप्ताह के उच्च स्तर 94.43 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज की इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से जुड़े विदेशी मुद्रा प्रवाह और डॉलर की मांग को नियंत्रित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के हस्तक्षेप से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से रुपये पर दबाव बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.78 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह डॉलर के मुकाबले 94.41 के उच्चस्तर तक गया और 94.82 के निचले स्तर तक आया। अंत में यह 94.43 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर रहा जो पिछले बंद भाव से 48 पैसे की बढ़त है। इससे पहले भारतीय मुद्रा चार सितंबर को इसी स्तर के आसपास बंद हुई थी। रुपया सोमवार को दो पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.91 पर बंद हुआ था। 'दशहरा' के कारण मंगलवार को विदेशी मुद्रा बाजार बंद थे।

■ अमेरिकी बांड में तेज प्रतिफल से धारणा प्रभावित

शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 143 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶| मुंबई



घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 143 अंक टूट गया। वहीं एनएसई निफ्टी 78 अंक नीचे आया। कच्चे तेल की ऊंची कीमत और अमेरिकी बांड प्रतिफल में तेजी के बीच बिजली, बैंक तथा वित्तीय शेयरों में बिकवाली से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 143.21 अंक टूटकर 73,709.69 अंक पर बंद हुआ। कारोबार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई और सेंसेक्स एक समय 829.29 अंक चढ़कर 74,682.19 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया। तेज बढ़त के बाद निवेशकों ने मुनाफावसूली की, जिससे सेंसेक्स 1,450 अंक से अधिक टूटकर दिन के निचले स्तर 73,229.45 अंक पर आ गया। हालांकि, कारोबार के अंतिम चरण में हुई कुछ लिवाली से नुकसान कम हुआ।

हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

ज्योतिष

दुआ भी तकदीर बदल देती है तांत्रिक मास्टर किंग का एलान भटको चाहे जिधर काम होगा इधर
2 घंटे में समाधान

प्रेम विवाह, सौतन-दुश्मन से छुटकारा, पति-पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, रूठे को मनाना, नौकरी, कारोबार में बाधा आदि।
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मूठकरनी
मियां मलिक जी
9711428545
सारे इल्मों के माहिर

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

रुपये में मजबूती, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से सोना-चांदी में गिरावट

सोना 1,300 रुपये और चांदी 1,600 रुपये फिसली

नई दिल्ली (भाषा)। रुपये में मजबूती, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,300 रुपये टूटकर 1,49,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 1,50,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं, लगातार दो सत्र तक स्थिर रहने के बाद चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। चांदी 1,600 रुपये फिसलकर 2,13,400 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। सोमवार को इसका भाव 2,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम था। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष एवं शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा, /"बुधवार को सोने में कमजोरी रही, क्योंकि रुपये में मजबूती से घरेलू कीमतों पर दबाव बना रहा।/"उन्होंने कहा कि रुपये में मजबूती और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से महंगाई का दबाव बढ़ने की आशंकाओं के कारण बाजार का समग्र रुख कमजोर बना हुआ है।

फसाई का नेस्ले इंडिया और जायडस वेलनेस को नोटिस

नई दिल्ली। खाद्य नियामक भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने कुछ उत्पादों में 'भ्रामक दावों' को लेकर नेस्ले इंडिया और जायडस वेलनेस को नोटिस जारी किए हैं। नियामक ने कंपनियों से अपने विज्ञापनों में किए गए दावों के समर्थन में वैज्ञानिक प्रमाण पेश करने को कहा है। एफएसएसएआई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि उसने नेस्ले इंडिया को उसके दो खाद्य उत्पादों 'लैक्टोजेन प्रो 1 पाउडर' और 'नैन एक्ससेला प्रो स्टेज 1' के प्रचार में भ्रामक दावों और नियमों के अनुरूप नहीं होने वाले विज्ञापनों को लेकर नोटिस जारी किए हैं। नियामक ने जायडस वेलनेस प्रोडक्ट्स लिमिटेड को भी उसके खाद्य उत्पाद 'कॉम्प्लान' के संबंध में भ्रामक दावों और विज्ञापनों को लेकर नोटिस दिया है।

कार्यालय पुलिस अधीक्षक जीन्द
थाना सदर जींद

सार्वजनिक सूचना / पहचान



नाम/पता नामालूम
उम्र – लगभग 35/40 साल,
हुलिया– रंग गेहुआ, गोल चेहरा, सफेद धारीदार कुर्ता व नीली सलवार, पैरों में चप्पल पहने हुए है, कद करीब 5"2 ईंच है। जो बिड वाली ढाणी में अवारा घूमते हुए दिनांक 17.10.2026 को मिली। यदि किसी को इस महिला के संबंध में किसी भी थानाजात में गुमशुदगी बारे कोई अभियोग व सूचना प्राप्त हो तो प्रबंधक अफसर थाना सदर जींद के मोबाइल नं. 8814011512 व कंट्रोल रुम जीन्द 01681-245711 से सम्पर्क करें।
प्रबन्धक अफसर, थाना सदर जींद।
पीआरडीएच-1084/11/5505/2027/50392/88/6 दि. 21.10.26

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 210 दिनांक 17.10.2026 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना बरोदा जिला सोनीपत।
गुमशुदा की पहचान



नाम- वंशिका ।
पिता का नाम - सुरजपाल ।
पता - वासी गाँव कथुरा जिला सोनीपत ।
उम्र -18 वर्ष ।
कद -5 फुट 6 इंच ।
हुलियाः- रंग गेंहुआ, लम्बुतरा चेहरा, काली आँखे, दाहिने हाथ की कलाई पर सुरमे से V गुदा हुआ है।
पहनावा-ब्राउन रंग की टी-शर्ट, काले रंग का लोवर पहने हुए है।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 15/16.10.2026 की रात को वंशिका पुत्री सुरजपाल वासी गाँव कथुरा जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चली गयी है। जो अब तक घर वापिस नहीं आयी हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।
प्रबन्धक थाना मो. न. - 7419410546
अनुसंधानकर्ता मो. न. - 9991354465
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100
हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त ।
मुख्यालय, सोनीपत ।
पीआरडीएच-1084/11/5500/2027/50377/88/6 दि. 21.10.26

भारत के सामने रोजगार बढ़ाने की चुनौती : सुब्बाराव

अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर को सात फीसदी बनाए रखना होगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने कहा है कि अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर को सात प्रतिशत या उससे अधिक के स्तर पर बनाए रखने के लिए निजी निवेश बढ़ाने, अधिक रोजगार देने वाले विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहन देने, मानव पूंजी में सुधार करने और वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के साथ बेहतर एकीकरण की जरूरत है। सुब्बाराव ने कहा कि चुनौती केवल तेजी से आर्थिक वृद्धि हासिल करना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी है कि वृद्धि से उत्पादकता बढ़े, अधिक रोजगार पैदा हों और अर्थव्यवस्था झटकों का सामना करने में सक्षम बने। उन्होंने कहा, पहली तिमाही में भारत की 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर बताती है कि अर्थव्यवस्था कई लोगों की उम्मीद से अधिक मजबूत है। मैं मध्यम अवधि में भारत की संभावनाओं को लेकर आशावादी हूं, लेकिन निश्चिंत नहीं हूं। विश्व बैंक ने हाल ही में चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का अनुमान अप्रैल के अपने अनुमान से 0.5 प्रतिशत अंक बढ़ाकर 7.1 प्रतिशत कर दिया था। इसके पीछे वैश्विक चुनौतियों के बावजूद घरेलू मांग में मजबूती और निर्यात में अच्छी वृद्धि को वजह बताया गया था।



राशिफल

मेष मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

वृष मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

मिथुन मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

कर्क मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

कन्या नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

तुला आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

वृश्चिक मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।


धनु व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

मकर आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

कुंभ आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

मीन अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

शब्द पहेली - 6385




बाएँ से दाए-
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

ऊपर से नीचे
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

शब्द पहेली -6384 का हल

	स	ला	म	त		म	हा	व	र	
का	म		ही	र		म	सि		थ	ल
फी		शा	न		वं		ल	ब		क्ष्य
		य		म	हा	न		र		
	फ	र	मा	न		र	स	खा	न	
का	की		ल				न		र	ति
	र	नि	वा	स		ह	म	द	म	
		य		र	ज	क		स्त		
जा		म	जा		हां		श	क		का
न	शा		य	म		पा	प		सा	या
	म	हा	का	ल		ल	थ	प	थ	



खबर संक्षेप

लेह में सबसे अधिक ऊंचाई पर उच्च न्यायालय पीठ ने नियमित सुनवाई शुरू की

लेह। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पुष्पेंद्र सिंह भाटी और न्यायमूर्ति संजय परिहार ने बुधवार को यहां पहली नियमित खंडपीठ की अध्यक्षता की। समुद्र तल से 11,500 फुट से अधिक की ऊंचाई पर स्थित, उच्च न्यायालय की नई स्थापित लद्दाख पीठ ने बुधवार से मामलों की नियमित सुनवाई शुरू की। दिन की शुरुआत खंडपीठ की सुनवाई के साथ हुई।

लुधियानाः पार्किंग विवाद में पंचकूला के युवक की हत्या

लुधियाना। पंजाब के लुधियाना शहर के ताजपुर रोड इलाके में पार्किंग को लेकर दो गुटों के बीच हुए विवाद के दौरान 31 वर्षीय एक वाहन चालक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान पंचकूला निवासी दिलबारा सिंह उर्फ हैरी के रूप में हुई है। वह पिछले कुछ महीने से अपनी पत्नी राजविंदर कौर के साथ लुधियाना में रह रहा था। शुरुआती जांच में पता चला है कि मंगलवार रात हुई हिंसा की वजह कार खड़ी करने को लेकर हुआ विवाद था।

मुंबई में इंजीनियरिंग के छात्र ने आत्महत्या की

मुंबई। मुंबई में सरकार द्वारा संचालित इंस्टीट्यूट ऑफ केमिकल टेक्नोलॉजी (आईसीटी) के द्वितीय वर्ष के एक इंजीनियरिंग छात्र ने छात्रावास के कमरे में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि नासिक के रहने वाले सिद्धेश पाटिल का अवसाद का इलाज चल रहा था। उन्नीस वर्षीय छात्र ने मंगलवार रात अपने मनोचिकित्सक को संदेश भेजकर आत्महत्या के विचार आने की बात कही थी। चिकित्सक ने तुरंत पाटिल के परिजनों को इसकी जानकारी दी।

पत्नी ने पहले गला घोंटा फिर सिलबट्टे से कूचकर की हत्या

मेरठ के नीले ड्रम कांड के बाद उन्नाव में 'बक्सा कांड'

एजेंसी ▶▶| उन्नाव(उप्र)



मेरठ में नीले ड्रमकांड के बाद उन्नाव में बक्सा हत्याकांड सामने आया है। मंगलवार दोपहर महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर पति की सिलबट्टे से सिर कूचकर हत्या की। इसके बाद शव को बक्से में भरकर 15 किमी दूर सदर क्षेत्र के ललऊखेड़ा में उन्नाव-लालगंज हाईवे की सर्विस लेन पर फेंक दिया। शव को जिस लोडर से बक्से को लाया गया, सीसी कैमरों की मदद से पुलिस ने उसे पकड़ा और आरोपितों को बेनकाब कर दिया। हत्यारोपित महिला पहले पति को छोड़ने के बाद इस युवक के साथ आठ साल से पत्नी बनकर गंगाघाट क्षेत्र में रह रही है। पुलिस ने हत्यारोपित महिला, उसके प्रेमी, मददगार एक यू-ट्यूबर व लोडर चालक को हिरासत में लिया है। बक्से को लोडर में लदवाने वाले मजदूरों की तलाश की जा रही है। पुलिस के वरिष्ठ अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने बताया कि 20 अक्टूबर को कोतवाली सदर क्षेत्र में रायबरेली-उन्नाव राजमार्ग पर हेल्थ हॉस्पिटल के सामने सड़क किनारे एक बड़ा बक्सा पड़ा होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने बक्सा खुलवाया तो उसमें चादर और कंबल में लिपटा शव मिला।



काशी में चिनूक गंगा को छूकर उड़ा

काशी। काशी में एयरफोर्स के 94वें स्थापना वर्ष पर एयर शो किया जा रहा है। वाराणसी में बुधवार को ग्रैंड रिहर्सल हुआ। काशी में चिनूक हेलिकॉप्टर गंगा नदी को छूकर उड़ा। कमांडोज नमो घाट पर हेलिकॉप्टर से कूज पर उतरे। राफेल और सुखोई जैसे 52 लड़ाकू विमानों की गर्जना से नमो घाट गूंज उठा।



राहुल गांधी की विदेश यात्रा पर थरूर बोले-मैं ट्रैवल एजेंट नहीं

कांग्रेस सांसद बोले-सभी की अपनी-अपनी जिम्मेदारियां होती हैं

एजेंसी ▶▶| तिरुवनंतपुरम

- भाजपा का दावा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी वियतनाम गए हुए हैं
- भाजपा ने राहुल का फ्लाइट के अंदर का वीडियो शेयर किया था



मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार और मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ नयी दिल्ली में विपक्षी दलों के प्रदर्शन के बीच लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की विदेश यात्रा के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बुधवार को कहा कि वह कोई "ट्रैवल एजेंट नहीं हैं"। थरूर की यह टिप्पणी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा राहुल की विदेश यात्रा की आलोचना किए जाने के बाद आई है। भाजपा ने आरोप लगाया है कि दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान "झूठ बोल बोलकर" थक जाने के बाद राहुल छुट्टियां मनाने के लिए विदेश चले गए हैं। तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद थरूर केरलम की राजधानी तिरुवनंतपुरम में थे, जहां संवाददाताओं ने उनसे पूछा कि राष्ट्रीय राजधानी में प्रदर्शन जारी रहने के बीच राहुल विदेश क्यों गए हैं। थरूर ने कहा कि मैं कोई ट्रैवल एजेंट नहीं हूं। मुझसे यह सवाल पूछने का कोई मतलब नहीं है। मैं दिल्ली छोड़कर यहां क्यों आया? हर व्यक्ति की अपनी कुछ जिम्मेदारियां होती हैं। इसलिए मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकता।"

जिस तरह से भारत में प्रवासी पक्षी आते हैं, वैसा ही राहुल का बर्ताव



उनकी आदत ऐसी हो गई है कि यहां आकर झूठ बोलो लोगों को फिर भड़काओ

अराजकता का वातावरण बनाओ फिर बाहर भाग जाओः गौरव वल्लभ

भाजपा नेता गौरव वल्लभ ने कहा कि जिस तरह से भारत में प्रवासी पक्षी आते हैं, वैसा ही बर्ताव राहुल गांधी का है। राहुल गांधी भारत के 'माइग्रेंट राजनेता' हैं। जैसे ही 2-4 दिनों की भागादौड़ी होती है तो वे आराम करने सुदूर क्षेत्र में चले जाते हैं... राहुल गांधी को एक जिम्मेदार नेता प्रतिपक्ष की तरह बर्ताव करना चाहिए। उनकी आदत ऐसी हो गई है कि यहां आकर झूठ बोलो, लोगों को भड़काओ, अराजकता का वातावरण बनाओ और फिर बाहर भाग जाओ...दीपावली के बाद वे फिर आएंगे और 4-5 दिनों तक लोकतंत्र को कमजोर करने का काम करेंगे, संविधान को कमजोर करने का काम करेंगे और फिर वे बाहर चले जाएंगे...राहुल गांधी भारतीय राजनीति के साइबेरियन सारस हैं।

राहुल बिना चुनाव के सत्ता परिवर्तन की सीख लेने विदेश जाते हैंः संबित पात्रा



भुवनेश्वर। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि वह बिना चुनाव के सत्ता परिवर्तन लाने की साजिश रच रहे हैं और इसके लिए विदेश में सलाह ले रहे हैं। पात्रा ने यहां प्रेसवार्ता में आरोप लगाया कि कांग्रेस देश में अशांति पैदा करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, ₹राहुल गांधी पहले कई बार विफल हो चुके हैं। उन्हें फिर से लॉन्च करने के लिए देश में अराजकता फैलाने की कोशिश की जा रही है। पात्रा ने आरोप लगाया कि राहुल विदेश यात्रा करते हैं ताकि अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरोस और उनके सहयोगियों से इस बात पर मार्गदर्शन ले सकें कि भारत को कैसे अस्थिर किया जाए।



चेन्नई बारिश से बेहाल, सबवे से जल निकासी कराई गई

शहर में 24 घंटे में औसतन 7.3 सेंटीमीटर बारिश

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

चेन्नई नगर निगम ने रातभर हुई भारी बारिश के बाद सबवे और प्रमुख बस मार्गों पर हुए जलभराव को बुधवार सुबह तक साफ कर इन्हें वाहनों की आवाजाही के लिए बहाल कर दिया। जीसीसी आयुक्त जीएस समीरन ने यह जानकारी दी। चेन्नई में बुधवार सुबह भी बारिश जारी रही। शहर में पिछले 24 घंटे में औसतन 7.3 सेंटीमीटर बारिश हुई। बारिश का सबसे अधिक असर दक्षिण चेन्नई में रहा। कोडम्बाक्कम, वलसरवक्कम, वेलाचेरी, अलंदूर और अड्यार समेत मध्य चेन्नई के कुछ हिस्से भी प्रभावित हुए। सभी 420 बस मार्ग भी आवाजाही के लिए खुले हैं। तमिलनाडु के सीएम सी. जोसेफ विजय ने नगर निकाय को निर्देश दिया है कि वे तुरंत कार्रवाई करें।

बंगाल की खाड़ी में नया लो प्रेशर 9 राज्यों में अलर्ट

बंगाल की खाड़ी में लचल ने फिर देश के 9 राज्यों की टेंशन बढ़ा दी है। बंगाल की खाड़ी में नया निम्न दबाव क्षेत्र बनने की स्थिति है। दक्षिण-पश्चिम अरब सागर में सक्रिय निम्न दबाव क्षेत्र और 24 अक्टूबर से उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करने वाला संभावित पश्चिमी विक्षोभ भी अहम है। तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना , मध्य प्रदेश , गोवा और महाराष्ट्र में तेज हवाओं के साथ बारिश संभावित है।

शिवा हत्याकांडः श्रद्धा-रश्मि 24 तक ट्रांजिट रिमांड पर

नागपुर। लखनऊ के शिवा शर्मा हत्याकांड में उत्तर प्रदेश पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. मुख्य आरोपी श्रद्धा दुबे, उसकी बहन रश्मि दुबे और ड्राइवर दानिश को नागपुर जिला और सत्र अदालत से 24 अक्टूबर तक के लिए 72 घंटे की ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया गया है। कोर्ट की मंजूरी मिलने के बाद यूपी पुलिस अब तीनों आरोपियों को सड़क मार्ग से नागपुर से लखनऊ लेकर रवाना हो गई है। बुधवार दोपहर करीब 2:30 बजे नागपुर जिला कोर्ट में मजिस्ट्रेट एस.डी. कामत की अदालत में तीनों आरोपियों को पेश किया गया। सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस ने अदालत के सामने आरोपियों की ट्रांजिट रिमांड की मांग रखी, जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया।

- नागपुर से लखनऊ के लिए लेकर रवाना हुई उप्र पुलिस

लखनऊ का यह है मामला

9 अक्तूबर को लखनऊ के अवध ग्रीन अपार्टमेंट में कारोबारी शिवा शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। शिवा संदिग्ध हाल में फ्लैट से नीचे गिर गया था। मृतक शिवा के परिवार ने उसकी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा दुबे पर आरोप लगाए थे।

केरलम में कुपोषण से दो वर्षीय बच्चे की मौत, मां-बाप होगा केस

अलप्पुझा (केरलम)। केरलम के अलप्पुझा में कथित तौर पर गंभीर कुपोषण के कारण दो साल के बच्चे की मौत हो गई। अधिकारियों ने 2022 से कई बार बच्चे और उसके भाई-बहनों को बचाने की कोशिश की थी, लेकिन माता-पिता के विरोध के कारण सफल नहीं हो सके। बच्चा 18 अक्टूबर को घर में मृत पाया गया था। डॉक्टरों के अनुसार, वह खून की गंभीर कमी और कुपोषण से पीड़ित था। महिला एवं बाल कल्याण मंत्री बिंदु कृष्णा ने मंगलवार को बच्चे के घर का दौरा किया। उन्होंने कहा कि मृत बच्चे के माता-पिता के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

हरियाणा सरकार

अपील

सरकार के संज्ञान में आया है कि हरियाणा के बिजली विभाग के कर्मचारी आगामी 22 अक्तूबर, 2026 से 3 दिन की हड़ताल पर जा रहे हैं। इस विषय में बिजली विभाग के कर्मचारियों से अपील है कि वे 22 तारीख से प्रस्तावित तीन दिवसीय हड़ताल के निर्णय पर पुनर्विचार करें और प्रदेश की जनता के व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए हड़ताल पर न जाएं।

हम सब जानते हैं कि बिजली केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि आमजन के दैनिक जीवन, कृषि, उद्योग, व्यापार और प्रदेश की आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण आधार है। इसलिए बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

प्रदेश सरकार के लिए जनता का हित और जन सुविधाएं सर्वोपरि हैं। बिजली विभाग के कर्मचारी प्रदेश की व्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनकी सेवाएं सीधे तौर पर करोड़ों लोगों के दैनिक जीवन से जुड़ी हुई हैं।

बिजली आपूर्ति में किसी भी प्रकार का व्यवधान आम नागरिकों के साथ-साथ किसानों, व्यापारियों, उद्योगों, अस्पतालों, विद्यार्थियों तथा अन्य आवश्यक सेवाओं को भी प्रभावित कर सकता है। बिजली विभाग के मेहनती कर्मचारी गर्मी-सर्दी, दिन-रात और हर परिस्थिति में बिजली व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कर्मचारियों के परिश्रम और सेवाभाव से ही प्रदेश के घरों, खेतों, दुकानों और उद्योगों तक बिजली पहुंचती है। ऐसे में उनसे अपेक्षा है कि वे जनसेवा की भावना को सर्वोपरि रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें और ऐसी किसी भी परिस्थिति से बचें, जिससे आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़े।

यह ठीक है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में कर्मचारियों को अपनी मांगें और समस्याएं रखने का अधिकार है। सरकार और कर्मचारियों के बीच संवाद की प्रक्रिया हमेशा सकारात्मक एवं समाधानपरक होनी चाहिए। किसी भी समस्या का स्थायी समाधान आपसी बातचीत, सहयोग और सहमति से निकाला जा सकता है। कर्मचारियों से आग्रह है कि वे अपनी मांगों के समाधान के लिए संवाद का रास्ता अपनाएं और हड़ताल जैसे कदम से बचें।

हड़ताल के कारण बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की स्थिति में आम परिवारों की दिनचर्या, किसानों के कृषि कार्य, छोटे व्यापारियों की आजीविका और औद्योगिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। विशेष रूप से अस्पतालों, पेयजल आपूर्ति तथा अन्य आवश्यक सेवाओं के निर्बाध संचालन के लिए बिजली की उपलब्धता बेहद जरूरी है। इसलिए इस विषय पर निर्णय लेते समय कर्मचारियों को व्यापक जनहित और अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का भी ध्यान रखना चाहिए।

हरियाणा सरकार प्रदेश के विकास, जनकल्याण और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश की प्रगति में कर्मचारियों की भागीदारी और सहयोग महत्वपूर्ण है। सरकार और कर्मचारी एक-दूसरे के सहयोगी हैं तथा दोनों का साझा उद्देश्य प्रदेश की व्यवस्था को बेहतर बनाना और जनता को सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

बिजली विभाग के सभी कर्मचारियों से एक बार फिर अपील है कि वे जनहित को प्राथमिकता देते हुए प्रस्तावित तीन दिवसीय हड़ताल के निर्णय पर पुनर्विचार करें।

– नायब सिंह सैनी
मुख्यमंत्री, हरियाणा

सीबीआई ने पंजाब के झोटा केस में एफआईआर दर्ज की

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पंजाब के मानसा में नशा विरोधी कार्यकर्ता परविंदर सिंह झोटा की हत्या के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच अपने हाथ में ले ली है और सभी पहलुओं की जांच के लिए विशेषज्ञों की एक टीम राज्य में पहुंच गई है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने औषधि नियंत्रक, फॉरेंसिक विशेषज्ञों और वस्तु एंव सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों को शामिल करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया है, जो मंगलवार रात मानसा पहुंची और पुलिस से मामले से जुड़े दस्तावेज सौंपने का औपचारिक

पीजीआईएमईआर में होगा पोस्टमार्टम

झोटा के शव का पोस्टमार्टम चंडीगढ़ स्थित स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआईएमईआर) में विशेषज्ञों की टीम करेगी जबकि मजिस्ट्रेट की ओर से चंडीगढ़ में पंचनामा भरा जाएगा।

डीएसपी और ड्रग इंस्पेक्टर सस्पेंड

पंजाब सरकार ने मंसा सब-डिवीजन के डीएसपी हरजिंदर सिंह गिल और ड्रग इंस्पेक्टर नरेश को निलंबित कर दिया है। इससे पहले इस मामले में एसएचओ बियंत कौर को भी सस्पेंड किया जा चुका है।

गायक दलेर मेहंदी विवाद ने पकड़ा तूल, समर्थन में उतरे कलाकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/देहरादून

उत्तराखंड में कार्यक्रम के दौरान अपेक्षा के अनुरूप प्रस्तुति नहीं देने पर राज्य के मंत्री सुबोध उनियाल की ओर से दिग्गज गायक दलेर मेहंदी की तीखी आलोचना किए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया। प्रदेश कांग्रेस ने मंत्री से सार्वजनिक रूप से माफी की मांग की। मेहंदी रविवार शाम को टिहरी शहर में आयोजित सिद्धपीठ मां कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेले में प्रस्तुति दे रहे थे। उनियाल अचानक मंच पर पहुंचे और ऊंची आवाज में उनसे पूछा कि क्या वह नशे में हैं। दलेर मेहंदी से मेरी कोई व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है और न ही मेरा उन्हें ठेस पहुंचाने का कोई इरादा था।

अनुपम खेर बोले- दलेर शराब नहीं पीते

इससे पहले, अभिनेता अनुपम खेर, स्टैंड-अप कॉमेडियन वीर दास, गायकों शान, पलाश सेन, गुरदास मान तथा अलीशा चिनॉय ने कहा कि दलेर मेहंदी पिछले तीन दशकों से संगीत जगत में सक्रिय हैं, उनकी तबीयत ठीक नहीं है, वह शराब नहीं पीते और उनके साथ अधिक सम्मान से पेश आना चाहिए था। गायिका सोना महापात्रा ने कहा कि किसी दिग्गज कलाकार को जीवनभर के योगदान के लिए सम्मान, सहानुभूति व आभार मिलना चाहिए। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि दर्शक भी ईमानदार प्रस्तुति के हकदार हैं।

आरटीआई से 2013 से 2018 के बीच यात्राओं की जानकारी मांगी थी

पीएम की विदेश यात्राओं का ब्योरा सार्वजनिक नहीं कर सकते:हाईकोर्ट

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने भारतीय वायु सेना के विमान से प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं से संबंधित सूचना का खुलासा करने के केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के आदेश को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि इससे राष्ट्रीय सुरक्षा तथा प्रधानमंत्री के जीवन और सुरक्षा पर असर पड़ सकता है। उच्च न्यायालय ने कहा कि आवेदक यह साबित करने में विफल रहा कि इस जानकारी का खुलासा करने के लिए पर्याप्त व्यापक जनहित है। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने 15 अक्टूबर को दिए आदेश में कहा कि केवल इस तथ्य से कि प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं पर



सीआईसी का आदेश दिल्ली उच्च न्यायालय ने रद्द किया

सरकारी धन खर्च किया गया है, ऐसी जानकारी का खुलासा करना उचित नहीं हो जाता। इससे इन यात्राओं के लिए किए गए सुरक्षा इंतजामों से समझौता हो सकता है।" आदेश में कहा गया, "इन चिंताओं से अधिक महत्वपूर्ण व्यापक जनहित साबित नहीं होने की स्थिति में मांगी गई जानकारी का खुलासा करने का निर्देश नहीं दिया जा सकता।" उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि सीआईसी के उस आदेश में खामी थी, जिसमें प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं से संबंधित 'स्पेशल फॉरेन रिटर्स' (एसएफआर)-2 का ब्योरा सुरक्षा कर्मियों के नाम और उनकी पहचान से जुड़ी जानकारियां हटाने के बाद सार्वजनिक करने का निर्देश दिया गया था। अदालत वायु सेना मुख्यालय के कार्मिक सेवा निदेशालय के केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में जुलाई 2020 में केंद्रीय सूचना आयोग द्वारा दिए गए उस आदेश को चुनौती दी गई थी।

चिंतन

बैंकिंग सुरक्षा को और फुलफ्रूफ करना जरूरी



मुद्दा
राजकुमार सिंह

बैंक की तिजोरी में रखा पैसा ही नहीं, बल्कि ग्राहकों का भरोसा भी सबसे अहम पूंजी है। इस भरोसे की बुनियाद तब कमजोर पड़ जाती है, जब ग्राहकों की निजी जानकारी असुरक्षित हो या डेटा लीक जैसी घटनाएं सामने आएं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के करीब 4,000 ग्राहकों के डेटा के डार्क वेब पर मिलने और एचडीएफसी बैंक के दो वरिष्ठ अधिकारियों पर कारोबारी गोपनीयता लीक करने के आरोपों ने बैंकिंग सुरक्षा की इसी बुनियादी कमजोरी पर सवाल खड़े किए हैं। दोनों मामलों की प्रकृति अलग है और जांच के निष्कर्ष आने बाकी हैं, लेकिन साझा चिंता बेहद गंभीर है। बैंकिंग सुरक्षा का दायरा केवल हैकरों से बचाव तक सीमित नहीं रह सकता; इसे डेटा तक पहुंच, उसके इस्तेमाल और हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। एसबीआई के मुताबिक, जांच में ग्राहकों के रिकॉर्ड में व्यक्तिगत पहचान से जुड़ी जानकारियां मिली हैं। इनमें नाम, मोबाइल नंबर, ईमेल, जन्मतिथि, पता और बैंकिंग पहचान संबंधी विवरण शामिल हैं। ऐसी जानकारियां अपराधियों के हाथ लगने पर फर्जी बैंक अधिकारी बनकर फोन करने, विश्वास जीतकर गोपनीय जानकारी हासिल करने और वित्तीय धोखाधड़ी का रास्ता खोल सकती हैं। खाते से पैसा निकलने के बाद नुकसान का पता चलना एक स्थिति है, जबकि निजी जानकारी अपराधियों के पास पहुंचने के बाद उसके दुरुपयोग की आशंका लंबे समय तक बनी रह सकती है। एचडीएफसी बैंक का मामला सुरक्षा की दूसरी परत उजागर करता है। यहां दो वरिष्ठ अधिकारियों पर कारोबारी गोपनीयता भंग करने के आरोप हैं। जांच पूरी होने से पहले किसी को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा, लेकिन यह सवाल अनदेखा नहीं किया जा सकता कि संवेदनशील सूचनाओं तक पहुंच रखने वाले अधिकारियों की निगरानी कितनी प्रभावी है। किसी बैंक की ऋण संबंधी जानकारी, कारोबारी रणनीति और आंतरिक दस्तावेज भी उसकी संपत्ति हैं। खतरा केवल बाहरी सेंधमारी का नहीं, आंतरिक नियंत्रण की कमजोरी का भी है। इस चुनौती से निपटने के लिए बैंकों को घोषणाओं से आगे बढ़कर ठोस व्यवस्था लागू करनी होगी। पहला कदम यह हो कि प्रत्येक कर्मचारी को केवल उतने ही डेटा तक पहुंच मिले, जितनी उसके काम के लिए जरूरी है। ग्राहकों के रिकॉर्ड देखने, डाउनलोड करने, साझा करने और उनमें बदलाव करने की गतिविधियों का सुरक्षित डिजिटल रिकॉर्ड रखा जाए। दूसरा, स्वतंत्र साइबर सुरक्षा ऑडिट और सुरक्षा प्रणालियों की नियमित जांच जरूर हो। परीक्षण केवल ऑनलाइन बैंकिंग तक सीमित न रहें, बल्कि ऋण दस्तावेजों, आंतरिक नेटवर्क, ईमेल और बाहरी सेवा प्रदाताओं तक फैले हों। गंभीर खामियों को दूर करने की समयसीमा तय हो और बैंक का शीर्ष प्रबंधन इसकी जवाबदेही ले। तीसरा, डेटा लीक की आशंका सामने आते ही प्रभावित प्रणालियों को सुरक्षित करने, डिजिटल साक्ष्य बचाने, स्रोत का पता लगाने और जोखिमग्रस्त ग्राहकों को समय पर सूचित करने की स्पष्ट प्रक्रिया हो। चौथा, आंतरिक गोपनीयता के उल्लंघन पर निष्पक्ष जांच और दोष साबित होने पर बिना भेदभाव कार्रवाई हो। भारतीय रिजर्व बैंक और संबंधित साइबर सुरक्षा एजेंसियों को भी नियमों के अनुपालन की प्रभावी निगरानी करनी चाहिए। एसबीआई और एचडीएफसी बैंक से जुड़े मामलों की जांच अपने निष्कर्ष तक पहुंचेगी, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था सुधारने का काम अभी शुरू होना चाहिए। ग्राहकों का भरोसा बचाना है तो बैंकिंग सुरक्षा को वास्तव में और फुलप्रूफ बनाना ही होगा।

वैश्विक जन असंतोष के कारण भी समझें

अमेरिका को अपवाद मान लें तो शेष विश्व के लिए यूरोप स्वप्न लोक की तरह है। वहां का विकास, संपन्नता और चमक-दमक वाली जीवन शैली आकर्षित करती है। अगर वहां बसना वश की बात न हो, तो घूमने हर कोई जाना चाहता है। उसी यूरोप के कई देशों से अब डरावनी खबरें और तस्वीरें आ रही हैं। फ्रांस, यूरोप के बड़े और विकसित देशों में से है, लेकिन वहां सात-आठ लाख लोग सरकार के विरोध में सड़कों पर आ गये। राजधानी पेरिस में ही एक लाख से ज्यादा लोग सड़कों पर नजर आये। फ्रांस के कई शहरों में आगजनी और लूटपाट के दृश्य आम हो गये।

बेशक राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की सख्ती और दो हजार से ज्यादा लोगों की गिरफ्तारी के बाद हिंसा पर अंकुश लग सकता है, लेकिन विकास की चकाचौंध के पीछे का अंधेरा बेनकाब हो गया है। फ्रांस में जन असंतोष के संकेत पहले भी मिलते रहे हैं, लेकिन सरकार उन्हें समय रहते समझने और सुलझाने में विफल रही। चमक-दमक वाली जीवन शैली के अलावा पेरिस फैशन, परफ्यूम और ऐतिहासिक इमारतों के लिए जाना जाता है। 143 साल पुराने टाउन हॉल को दंगाइयों ने जला दिया। फ्रांस सरीखे विकसित और आधुनिक देश में ऐसे डरावने दृश्यों ने कई सवाल खड़े किए हैं, लेकिन विडंबना है कि जवाब सोच और सुविधा के अनुसार दिए जा रहे हैं। फ्रांस में अगले साल चुनाव हैं। इसलिए इस हिंसा के राजनीतिक प्रभाव से इनकार नहीं किया जा सकता। कई जानकार इसमें कट्टर वामपंथ और आप्रवासियों की भूमिका भी देख रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तो सीधे-सीधे मुस्लिम आप्रवासियों को निशाने पर लेते हुए कहा है कि पेरिस जल्दी ही मुस्लिम शहर बन जाएगा। ट्रंप ने मैक्रों को सीमाएं बंद करने की सलाह देते हुए कहा है कि फ्रांस में जो कुछ हो रहा है, उसका संबंध स्कूल या किसी और चीज से नहीं, बल्कि आप्रवासन से है। आप्रवासन के मामले में फ्रांस यूरोप के सबसे उदार देशों में से है। इसका असर जनसांख्यिकी परिवर्तन के रूप में दिखता भी है। जनसांख्यिकी परिवर्तन से किसी देश या शहर का स्वरूप बदलने और सामाजिक चुनौतियां पैदा होने से भी इनकार नहीं किया जा सकता। पिछले एक दशक में ही फ्रांस ने इस्लामी आतंकवाद के कई दंश झेले हैं। इसलिए यूरोपीय देशों को को राष्ट्रहित में भी आप्रवासन नीतियों पर तो पुनर्विचार करना ही चाहिए, लेकिन सिर्फ आप्रवासियों को हर समस्या के लिए जिम्मेदार ठहराना सच से मुंह चुराना ही होगा। सच यह भी है कि अन्य देशों की तरह फ्रांस में भी संसाधनों और संपत्ति पर मुट्ठी भर लोगों का कब्जा है और बड़ी आबादी के लिए जीवन यापन मुश्किल होता जा रहा है। शायद इसलिए भी पिछले महीने स्कूलों की बदहाली के विरोध में शुरू आंदोलन को अचानक सरकार विरोधी हिंसक आंदोलन में तब्दील कर पाना आसान रहा। बेशक मुद्दों की वास्तविकता के बावजूद किसी आंदोलन को हिंसक और अराजक होने की अनुमति नहीं दी जा सकती। आंदोलनकारियों की आड़ में असामाजिक- आपराधिक तत्व अपने मंसूबों को अंजाम देने में सफल हो गये, तो यह सरकार और कानून-व्यवस्था के लिए जिम्मेदार एजेंसियों की भी नाकामी है। लाखों लोग सड़कों पर आगजनी और लूट के लिए उतर आये, पर पुलिस और



खुफिया तंत्र को भनक भी नहीं लगी। आगजनी और लूट में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और उन्हीं से नुकसान की भरपाई सही सोच है, लेकिन आंदोलन को वामपंथियों और आप्रवासियों की कारगुजारी बता देने भर सरकार अपनी जिम्मेदारी और जवाबदेही से मुक्त नहीं हो सकती। मैक्रों सरकार को बढ़ती आर्थिक विषमता, महंगाई और बेरोजगारी से मुश्किल होते जीवन यापन जैसे आम आदमी से जुड़े अहम् मुद्दों से मुंह चुराने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। अगर सरकार ने आम आदमी के जीवन यापन को आसान बनाने के लिए जरूरी कदम उठाये होते और स्कूलों की बदहाली के विरुद्ध आंदोलन से भी समय रहते संवाद के जरिये निपटने की कोशिश की होती तो शायद असामाजिक-आपराधिक तत्व उसमें घुस कर अपने मंसूबों को अंजाम नहीं दे पाते। फ्रांस के हालात जैसे ही संकेत कुछ अन्य यूरोपीय देशों से भी मिल रहे हैं। मिलान, इटली की राजधानी नहीं है, लेकिन उसे दुनिया की फैशन-राजधानी कहा जाता है। मिलान भी खूबसूरती और संपन्नता के लिए मशहूर है, लेकिन वहां से भी पिछले कुछ दिनों से उग्र जन असंतोष की खबरें और तस्वीरें आ रही हैं। इटली में भी जन असंतोष कई शहरों तक फैल चुका है और हिंसा में 100 से ज्यादा पुलिसकर्मियों के घायल होने की खबरें हैं। उसके मूल में भी कमोबेश फ्रांस जैसे ही कारण हैं। बेलगाम महंगाई तथा शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी सार्वजनिक सुविधाओं की बदहाली और बढ़ती आर्थिक विषमता पर चिंताएं नई नहीं हैं। अगर समय रहते ठोस सुधारात्मक कदम नहीं उठाये गये तो जॉर्जिया मैलोनी को भी इटली में वैसे ही हालात का सामना करना पड़ सकता है, जैसे मुश्किल हालात से फ्रांस में मैक्रों रूबरू हैं। फ्रांस और इटली के अलावा पुर्तगाल और अल्बानिया में भी जन असंतोष सड़कों पर है। अपनी खूबसूरती के लिए वैश्विक पर्यटकों में लोकप्रिय अल्बानिया में महंगाई से मुश्किल होते जीवन यापन के अलावा बेलगाम भ्रष्टाचार को लेकर भी प्रधानमंत्री ईडी रामा से नाराजगी भी जन असंतोष का बड़ा कारण है। असंतोष की उग्रता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री कार्यालय पर पेट्रोल बम तक फेंके गये। अल्बानिया में आंदोलनकारी सत्ता परिवर्तन चाहते हैं, पर 2013 से सत्ता पर काबिज ईडी रामा कुर्सी छोड़ने के मूड में नहीं दिखते। पुर्तगाल और स्पेन अपनी समृद्ध संस्कृति और गौरवशाली इतिहास के लिए जाने जाते हैं, लेकिन ये दोनों देश भी बेलगाम महंगाई से आम नागरिक का जीवन यापन दूभर होने से मुखर होते जन असंतोष से जूझ रहे हैं। पुर्तगाल, खासकर राजधानी लिस्बन में तो बेलगाम रियल एस्टेट माफिया की बदौलत आवासीय संपत्तियां इतनी महंगी हो गई हैं कि आम पुर्तगाली न तो खरीद सकता है और न ही किराये पर ले सकता है। इसमें विदेशी निवेशकों की भी बड़ी भूमिका है, जिनके लिए तमाम देशों की सरकारें लाल कालीन बिछाने को लालायित रहती हैं-बिना यह विचार किए कि बेलगाम बाजारवाद का आम नागरिकों के जीवन यापन पर क्या असर पड़ेगा। ब्रिटेन के नागरिक भी अरसे से महंगाई की मार झेल रहे हैं। वहां स्वास्थ्य सुविधाएं ही आम नागरिक की पहुंच से बाहर हो गई हैं। ऐसा नहीं है कि बढ़ती आर्थिक असमानता से उपजता जन असंतोष सिर्फ यूरोप तक सीमित है। महंगाई की तपिश आर्थिक महाशक्ति अमेरिका में भी आम आदमी महसूस कर रहा है और अफ्रीकी देश केन्या में भी। जाहिर है, इधर-उधर की बातें करने के बजाय जन असंतोष के असली कारणों को समझते हुए नीतिगत सुधार का वक्त आ गया है। देश के लिए बाजार होना चाहिए, बाजार के लिए देश नहीं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

मंथन
महेन्द्र तिवारी



मतदाता सूची से नाम हटने पर आम आदमी की पीड़ा

लोकतंत्र केवल चुनाव कराने की व्यवस्था नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, सम्मान और अपनी पसंद की सरकार चुनने का अवसर देने वाली शासन प्रणाली है। इसकी वास्तविक शक्ति जनता के विश्वास में निहित होती है। जब कोई नागरिक मतदान केंद्र पर पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करता है, तब वह केवल किसी प्रत्याशी के पक्ष में मत नहीं देता, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी भागीदारी भी सुनिश्चित करता है। इसलिए मतदाता सूची में प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम होना लोकतंत्र की बुनियादी आवश्यकता है। यदि किसी नागरिक का नाम बिना उचित कारण सूची से हटा दिया जाता है, तो यह केवल एक प्रशासनिक त्रुटि नहीं, बल्कि उसके संवैधानिक अधिकार और लोकतांत्रिक भागीदारी से जुड़ा गंभीर विषय बन जाता है।

देश में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर इन दिनों व्यापक चर्चा और विवाद हो रहा है। इस प्रक्रिया के दौरान देशभर में लगभग 13 करोड़ नाम मतदाता सूचियों से संबंधित छंटाई और पुनरीक्षण की कार्रवाई के दायरे में आए हैं। निर्वाचन आयोग ने इन नामों को अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृत अथवा दोहरी प्रविष्टि जैसी श्रेणियों में रखा है। इसलिए इस संख्या को सीधे-सीधे इतने पात्र मतदाताओं के गलत ढंग से नाम काटे जाने के बराबर मानना उचित नहीं होगा। फिर भी, इस व्यापक प्रक्रिया के बीच ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें जीवित और पात्र नागरिकों को मृत या स्थानांतरित मान लिया गया। इससे सत्यापन की विश्वसनीयता और नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा को लेकर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। दिल्ली में भी इस पुनरीक्षण का प्रभाव व्यापक दिखाई दिया है। प्रारूप मतदाता सूची से लगभग 47.7 लाख नाम हटाए जाने की सूचना सामने आई थी। इनमें ऐसे लोग भी हो सकते हैं, जिनके सत्यापन प्रपत्र निर्धारित समय में प्राप्त नहीं हुए, जो अपने पुराने पते पर उपलब्ध नहीं थे अथवा जिनकी प्रविष्टियों में किसी प्रकार की विसंगति पाई गई। बाद में निर्वाचन अधिकारियों ने छूटे हुए मतदाताओं के पुनः सत्यापन और पात्र नागरिकों के नाम शामिल कराने के लिए कदम उठाने की बात कही। इस घटनाक्रम का महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि किसी सूची में नाम न मिलने और किसी व्यक्ति के मतदान के लिए अपात्र होने के बीच अंतर किया जाना चाहिए। पहली स्थिति जांच और सुधार की मांग करती है, जबकि दूसरी स्थिति के लिए नियमानुसार पर्याप्त आधार आवश्यक है। मतदाता सूची का नियमित पुनरीक्षण किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए आवश्यक है। यदि मृत व्यक्तियों के नाम सूची में बने रहें, एक ही व्यक्ति का नाम कई स्थानों पर दर्ज हो या अपात्र व्यक्तियों की प्रविष्टियां मौजूद हों, तो चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है। निर्वाचन आयोग का दायित्व है कि वह मतदाता सूची को सही, अद्यतन और पारदर्शी बनाए। लेकिन इस उद्देश्य की पूर्ति ऐसी प्रक्रिया से होनी चाहिए जिसमें पात्र नागरिकों के अधिकार सुरक्षित रहें। प्रशासनिक सुविधा को नागरिक अधिकारों से ऊपर नहीं रखा जा सकता। किसी घर पर एक या दो बार पहुंचने पर व्यक्ति का न मिलना, किसी पुराने पते पर उसका अनुपस्थित होना अथवा निर्धारित अवधि में प्रपत्र जमा न कर पाना अपने आप में यह सिद्ध नहीं करता कि वह मतदान का पात्र नहीं है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में यह चुनौती और जटिल हो जाती है। रोजगार की तलाश में लाखों लोग एक शहर से दूसरे शहर जाते हैं। इस विवाद का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि मताधिकार केवल राजनीतिक अधिकार नहीं, बल्कि नागरिक की सामाजिक प्रतिष्ठा और लोकतांत्रिक पहचान से भी जुड़ा है। जब कोई व्यक्ति वर्षों से मतदान करता आया हो और अचानक उसे पता चले कि सूची में उसका नाम नहीं है, तो उसके लिए यह अनुभव निराशाजनक और अपमानजनक हो सकता है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति जनता का विश्वास है। यह विश्वास तभी कायम रह सकता है जब प्रत्येक नागरिक को यह भरोसा हो कि उसकी पहचान, उसकी पात्रता और उसकी आवाज का सम्मान किया जाएगा। मतदान का अधिकार कानून द्वारा निर्धारित पात्रता से जुड़ा नागरिक अधिकार है। मतदाता सूची का पुनरीक्षण तभी सफल माना जाएगा जब वह चुनावी व्यवस्था को अधिक विश्वसनीय बनाने के साथ किसी पात्र नागरिक को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से बाहर न होने दे। लोकतंत्र में हर मत महत्वपूर्ण है और हर पात्र मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करना ही एक जवाबदेह व्यवस्था की वास्तविक पहचान है।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

कृष्ण योग के सूत्र



संकलित
दर्शन

भगवान श्रीकृष्ण के अनुसार सिर्फ शरीर का नियमन ही योग नहीं है, बल्कि आत्मा के साक्षात्कार के लिए किया गया हरेक प्रयास योग की श्रेणी में आता है। इसी कारण श्रीकृष्ण को योगेश्वर कहा जाता है । वे जनक हैं योग के, धाराएं बहती हैं उनसे योग की, बस जिसको जो आयाम स्पर्श करता है, वह उस आयाम पर अग्रसर हो जाता है। आप जिस योग को योग मानते है, वह पतंजलि योग है। पतंजलि सबसे बड़े वैज्ञानिक है अंतर्जगत के। उनकी पहुंच एक वैज्ञानिक मन की है। उनके पास वैज्ञानिक मस्तिष्क है, लेकिन उनकी यात्रा भीतरी है। किंतु हमारे कृष्ण योगेश्वर हैं । वे दृष्टि देते हैं, स्वतंत्रता देते है, प्रेम और करुणा से आपको भरते है। वे जिससे आपको भरते हैं, वे वह स्वयं ही हैं, इसीलिए कृष्ण का योग धारा बन जाता है, आपसे आपको मिलता है और एक दिन केवल वही ही बचते हैं, आप उनमें मिल जाते हैं। कुछ कृष्ण के योग के पहलू जो केवल हम श्रवण करते हैं, पढ़ते हैं, पर वे सूत्र हैं कृष्ण-योग के 'तस्माद्योगाय युज्यस्व योगः कर्मसु कौशलम' अर्थात इससे समत्वबुद्धि योग के लिए ही चेष्टा करो, यह समत्वबुद्धि-रूप योग ही कर्मों में चतुरता है। अर्थात कर्मों में कुशलता को ही योग कहते है। कृष्ण तीन शब्दों का प्रयोग करते हैं-अकर्म, कर्म और विकर्म। कर्म वे उसे कहते हैं, सिर्फ करने को ही कर्म नहीं कहते। अगर करने को ही कर्म कहें, तब तो अकर्म में कोई जा ही नहीं सकता। फिर तो अकर्म हो ही नहीं सकता।

कभी भी अपने पद और धन का घमंड न करें



संकलित
प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है। ये सब देखकर कुबेर देव का घमंड टूट गया और उन्हें अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने सभी से क्षमा मांगी।

अंतर्मन



आज की पाती

पुलिस को सेना जैसा सम्मान क्यों नहीं

21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। यह दिवस उन पुलिसकर्मियों के बलिदान के लिए मनाया जाता है जिन्होंने 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख में चीन के कायरतापूर्ण हमले में अपनी जान की बाजी लगा दी थी। और यह देश के उन पुलिस कर्मियों के लिए भी मनाया जाता है जिन्होंने आम लोगों की सुरक्षा के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी थी। देश में आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस की मुख्य भूमिका होती है। जब हम सभी दीपावली या अन्य त्योहार मना रहे होते हैं, तब पुलिस हमारी सुरक्षा की खातिर अपना फर्ज निभा रही होती है। कभी कभी धरने प्रदर्शनों के दौरान पुलिस को हिंसक झड़पों का भी सामना करना पड़ता है। बहरहाल पुलिस को सेना जैसा सम्मान देने की जरूरत है। - *सोमवीर यादव, रेवाड़ी*

ट्रेंड

इ्रग्स के खिलाफ लड़ाई



हमारी पुलिस फोर्स 31 दिसंबर 2029 तक नशीले पदार्थों के गिरोहों को खत्म करने के लिए इ्रग्स के खिलाफ लड़ाई लड़ रही है, और साथ ही युवाओं को इस बुराई के प्रति जागरूक भी कर रही है।
- **अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

देश का मान



एशियाई पैरा गेम्स-2026 में महिलाओं की 100 मीटर (टी12) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर, उत्तर प्रदेश की बेटी सिमरन शर्मा ने देश का मान बढ़ाया है। उनकी यह ऐतिहासिक उपलब्धि देश भर के अनगिनत युवाओं के लिए प्रेरणा है।
- **योगी आदित्यनाथ,** सीएम, उत्तरप्रदेश

एशियन पैरा गेम्स



एशियन पैरा गेम्स 2026 में पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में दिलीप गावित ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि मोहम्मद मोर्सिगनाकाथ ने रजत पदक हासिल किया। सालों की कड़ी मेहनत, अनगिनत बलिदानों और अटूट जज्बे ने भारत को गौरवान्वित किया है। हमारे दोनों चैंपियनों को बधाई!
- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

पुलिस स्मृति दिवस



पुलिस स्मृति दिवस पर, हम अपने पुलिस बलों के उन बहादुर पुरुषों और महिलाओं को नमन करते हैं, जिन्होंने कर्तव्य पालन के दौरान अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। राष्ट्र के लिए दी गई उनकी सेवाओं के लिए सदैव उनके ऋणी रहेंगे।
-**मल्लिकार्जुन खड़गे ,** अध्यक्ष, कांग्रेस

करंट अफेयर

हैरी ने पिता व भाई से रिश्ते सुधारने की इच्छा जताई




ब्रिटेन के युवराज हैरी अपने पिता महाराजा चार्ल्स तृतीय और भाई प्रिंस विलियम के साथ मतभेद दूर कर रिश्ते सुधारना चाहते हैं। परिवार और अपनों को खोने के दुख पर 'जीक्यू' पत्रिका के साथ एक साक्षात्कार में हैरी से पूछा गया कि क्या उन्हें अपने पिता और भाई के साथ जटिल रिश्तों को लेकर दुख होता है? सितंबर के अंत में न्यूयॉर्क में रिकॉर्ड किया गया यह साक्षात्कार मंगलवार को प्रकाशित हुआ। हैरी ने जवाब दिया, हां, बिल्कुल। उन्होंने कहा कि लोग अक्सर उनसे इस बारे में पूछते हैं। उन्होंने कहा, कुछ लोग नहीं चाहते कि रिश्ते सुधरें, लेकिन मैं चाहता हूं कि ऐसा हो। बेशक, मैं ऐसा चाहता हूं। दुनिया में जो कुछ भी हो रहा है, उसे देखते हुए सबसे महत्वपूर्ण बात सुलह करना है। यही मुख्य बात है। हैरी, उनकी पत्नी मेघन और उनके दोनों बच्चे अगस्त के अंत में ब्रिटेन लौट आए थे। शाही परिवार के सक्रिय सदस्यों के रूप में अपनी भूमिकाएं छोड़कर कैलिफोर्निया जाने के उनके फैसले से शाही परिवार में दूरियां बढ़ गई थीं। इस फैसले को छह साल हो चुके हैं। इस दंपति ने पहले के साक्षात्कारों में शाही परिवार की आलोचना की थी। उन्होंने परिवार के एक अज्ञात सदस्य पर नस्लवाद का आरोप लगाया था और कहा था कि महल के कर्मचारियों ने मेघन के मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता नहीं दिखाई।

ऑफ बीट

एआई शॉपिंग एजेंट बेहतर सौदे का वादा करते हैं, गलती का नहीं

मेटा का हाल ही में पेश किया गया एआई एजेंट 'म्यूज' कई तरह के काम करने में सक्षम होने का भरोसा देता है। यह ईमेल भेजने, छुट्टियां मनाने के लिए जरूरी बुकिंग कर सकता है, मुश्किल ऑनलाइन फॉर्म भर सकता है। लेकिन एक निजी खरीदारी सहायक के रूप में इसकी संभावनाओं को लेकर खासा ध्यान आकर्षित हो रहा है। यह सस्ते सौदों की तलाश करने और उपयोगकर्ता की मंजूरी के बिना खरीदारी करने में सक्षम है। उदाहरण के लिए, कोई व्यक्ति दौड़ने के लिए नए जूते खरीदना चाहता है। कुछ ही मिनट में एआई सहायक दर्जनों दुकानों की वेबसाइटों पर खोज कर सकता है और अलग-अलग ब्रांड की तुलना करके सबसे सस्ते और जरूरत के मुताबिक जूते ढूंढ सकता है। म्यूज अकेला ऐसा एआई एजेंट नहीं है। प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी कंपनियों के बीच इन एजेंट को रोजमर्रा की खरीदारी का हिस्सा बनाने की होड़ लगी है। गूगल और ओपनएआई भी एआई आधारित शॉपिंग टूल विकसित कर रहे हैं। उपभोक्ताओं के लिए इन नए एआई एजेंट का फायदा साफ है। खरीदारी में कम समय लगेगा और बेहतर सौदे मिलने की संभावना होगी। वहीं, खुदरा कारोबारियों के लिए ये ऑनलाइन उत्पादों के प्रचार करने के तरीके को बदल सकते हैं।



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

एशियन पैरा गेम्स : एथलीटों का शानदार प्रदर्शन, भारत ने जीते 50 से अधिक मेडल

एजेंसी ▶▶| नागोया

एशियन पैरा गेम्स में बुधवार को भारतीय एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के कुल पदकों की संख्या को 50 के पार पहुंचा दिया है। पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में भारतीय धावकों ने पहला और दूसरा स्थान हासिल करते हुए देश की झोली में गोल्ड और सिल्वर दोनों पदक डाले। भारत के दिलीप गावित ने 10.69 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि मोहम्मद मोर्सिंगानकथ 10.72 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे और रजत पदक अपने नाम किया।

100 मीटर टी47 में दिलीप गावित ने जीता गोल्ड

पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भारत ने एक और यादगार प्रदर्शन किया। दिलीप गावित (टी46 वर्ग) ने पुरुषों की 100 मीटर टी47 स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीतकर देश का गौरव बढ़ाया, जबकि मोहम्मद बेसिल मोर्सिंगनाकाथी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। दिलीप गावित (टी46 कैटेगरी) ने 10.69 सेकंड के शानदार समय के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। वहीं, बेसिल (टी47 कैटेगरी) ने 10.72 सेकंड का समय निकालकर सिल्वर मेडल जीता और इस स्पर्धा में एक नया 'गेम्स रिकॉर्ड' भी बनाया। इससे पहले, दिलीप गावित एशियन पैरा गेम्स 2022 में मेंस 400 मीटर टी47 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता था, जो इन खेलों में भारत का ऐतिहासिक 100वां मेडल था। उन्होंने पेरिस 2024 पैरालंपिक्स में भी पुरुषों की 400 मीटर टी47 स्पर्धा के फाइनल में पहुंचकर देश को गौरवान्वित किया।



ऊंची कूद : प्रवीण कुमार ने जीता गोल्ड

प्रवीण कुमार ने बुधवार को एथलेटिक्स प्रतियोगिता में ऊंची कूद टी44/64 स्पर्धा में खेलों के नए रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि बंटी ने इसी स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। प्रवीण ने 2.05 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक, जबकि बंटी ने 1.92 मीटर की कूद के साथ रजत पदक हासिल किया। टी64 और टी44 वर्ग के एथलीट अक्सर संयुक्त स्पर्धा में एक साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं क्योंकि विश्व पैरा एथलेटिक्स पर्याप्त प्रतियोगियों और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए निचले अंगों के वर्गों को एक समूह में रखता है। टी64 उन एथलीटों के लिए है, जो कृत्रिम निचले अंगों का उपयोग करते हैं, जबकि टी44 उन एथलीटों के लिए है, जो निचले अंगों से दिव्यांग होते हैं लेकिन वह कृत्रिम अंगों का उपयोग नहीं करते हैं।

शॉट पुट एफ53 : आयुष वर्मा ने जीता स्वर्ण पदक

आयुष वर्मा ने बुधवार को पुरुषों की शॉट पुट एफ53 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपने खाते में दूसरा पदक जोड़ा। आयुष ने अपने पांचवें प्रयास में 8.16 मीटर का थ्रो करके पहला स्थान हासिल किया। ईरान के अलीरेजा हेमामी 8.09 मीटर के साथ दूसरे, जबकि कजाकिस्तान के मखाम्बेट सेरिक्कालियेव 6.81 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। आयुष ने इससे पहले मंगलवार को पुरुषों की भाला फेंक एफ53/एफ54 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। एफ53 उन एथलीटों के लिए है जिनकी धड़ और पैरों की गति अत्यधिक जबकि हाथों की पकड़ कम प्रभावित होती है। वे बैठकर प्रतिस्पर्धा करते हैं और अपनी छाती, ऊपरी पीठ और कंधों का उपयोग करके ताकत लगाते हैं।



सिमरन ने 100 मीटर दौड़ में लहराया तिरंगा

भारतीय पैरा स्प्रिंटर सिमरन शर्मा ने अपना दूसरा गोल्ड मेडल जीत लिया। सिमरन ने महिलाओं की 100 मीटर टी12 वर्ग की फाइनल रेस में 12.02 सेकंड का गेम्स रिकॉर्ड समय दर्ज करते हुए पहला स्थान हासिल किया। इसी के साथ हीट्स में बनाए गए अपने ही पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। इससे पहले, मंगलवार को सिमरन ने महिलाओं की 200 मीटर टी12 कैटेगरी में 24.80 सेकंड का समय निकालकर गेम्स रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता था। 'टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम' (टॉप्स) से समर्थित सिमरन ने 12.13 सेकंड के अपने पिछले गेम्स रिकॉर्ड को बेहतर करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। उन्होंने हांगझोऊ में आयोजित एशियन पैरा गेम्स 2022 में इसी स्पर्धा में 12.68 सेकंड के समय के साथ सिल्वर मेडल जीता था। इस बार उन्होंने अपने समय में 0.66 सेकंड का सुधार करते हुए इसे गोल्ड में बदल दिया।

सिंधू उलटफेर से बाल बाल बची फ्रेंच ओपन के अगले दौर में



पेरिस (भाषा)। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उलटफेर का शिकार होने से बाल बाल बची और दुनिया की 26वें नंबर की खिलाड़ी थाइलैंड की सुपनिदा केतेथोंग को हराकर अगले दौर में पहुंच गई। पूर्व विश्व चैम्पियन और दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रही सिंधू ने एक घंटे से अधिक चले मुकाबले में 21.14, 8.21, 23 . 21 से जीत दर्ज की। एक अन्य महिला एकल मैच में उन्नति हुड्डा जापान की रिको गुंजी से 18. 21, 12.12, 17. 21 से हारकर बाहर हो गई। आयुष शेट्टी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए किदांबी श्रीकांत को एक घंटे से कम समय में 19-21, 21-16, 21-12 से हराकर पुरुष एकल के अगले दौर में प्रवेश किया। इस बीच भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष एकल खिलाड़ी और विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन ने जापान के विश्व नंबर नौ कोडाई नाराओका को शुरुआती दौर में वॉकओवर दे दिया।

भारत ने 2022 में खेला था न्यूजीलैंड में टी20 मैच

सिर्फ 2 दिन के अभ्यास के साथ न्यूजीलैंड दौरे का आगाज आज से

एजेंसी ▶▶| क्राइस्टचर्च

पिछली दो टी20 श्रृंखलाओं में अपराजेय रही भारतीय टीम को न्यूजीलैंड आकर आराम करने, अनुकूलन और अभ्यास के लिए दो ही दिन का समय मिला लेकिन अपने बल्लेबाजों के दम पर श्रेयस अय्यर की टीम जीत के साथ दौरे का आगाज करना चाहेगी। न्यूजीलैंड में पिछली बार भारत ने 2022 में नेपियर में टी20 मैच खेला था और वर्षाबाधित वह मैच डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर ड्रॉ रहा था।

भारत ने वह श्रृंखला जीती थी चूंकि खराब मौसम के कारण एक ही मैच हो सका था। भारत के सिर्फ 4 बल्लेबाज पहले न्यूजीलैंड में टी20 खेल चुके हैं, जिनमें कप्तान अय्यर, ईशान किशन, संजू सैमसन और शिवम दुबे शामिल हैं। अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा और वैभव सूर्यवंशी भले ही आक्रामक पारियां खेलने में माहिर हों लेकिन यहां की तेज और उछालभरी पिचों पर उन्हें ढलने में समय लग सकता है।



अय्यर के सामने कड़ी चुनौती

अय्यर की कप्तानी की शुरूआत आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ पराजय के साथ हुई और अब उनके सामने खुद को कठिन परिस्थितियों में साबित करने की चुनौती होगी। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला ड्रॉ खेली। अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला भी उसी तरह रहती है जैसे इंग्लैंड के खिलाफ थी तो अय्यर पर दबाव बढ जाएगा। ऐसा माना जा रहा है कि दो साल बाद आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले टी20 विश्व कप में वह भारत के कप्तान होंगे। वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू श्रृंखला खत्म होने के बाद भारत से लंबी उड़ान लेकर यहां पहुंचने पर अय्यर ने कहा कि उनकी टीम को अलग अलग हालात में खेलने की आदत है।

पंड्या-बुमराह टीम से बाहर

भारतीय टीम में चोटिल हरफनमौला हार्दिक पंड्या और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी नहीं हैं। बुमराह इस दौरे पर सिर्फ वनडे या टेस्ट खेलेंगे।
सूर्यवंशी के खेलने की उम्मीद कम ही है लेकिन अभिषेक और सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया है। गेंदबाजी में अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की चार साल बाद वापसी हुई है और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती फिट होकर टीम में लौटे हैं। हरफनमौला नीतीश कुमार रेड्डी और शिवम दुबे को अपनी उपयोगिता साबित करनी होगी।

टीमें इस प्रकार

भारत : श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन, तिलक वर्मा, अक्षर पटेल? शिवम दुबे, नीतिश कुमार रेड्डी, नमन धीर, प्रिंस यादव, मयंक यादव, अर्शदीप सिंह, भुवनेश्वर कुमार , वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव।
न्यूजीलैंड : मिचेल सेंटनेर (कप्तान), फिन एलेन, मिचेल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कोंवे, जैकब डफी, लॉकी फर्ग्युसन , जाक फोकेस, मैट हेनरी, बेवोन जैकब्स, काइल जैमीसन, एडम मिल्ने, डेरिल मिचेल, ग्लेन फिलिप्स, टिम सीफर्ट, नाथन स्मिथ।
मैच का समय : दोपहर 12 . 30 से ।

विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में दमखम दिखाएंगे म्हारे सात पहलवान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भारतीय कुश्ती संघ ने आगामी सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के लिए भारतीय फ्री कुश्ती टीम का ऐलान कर दिया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 24 अक्टूबर से 1 नवंबर तक कजाकिस्तान में आयोजित की जाएगी, जिसमें देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए 10 प्रतिभाशाली पहलवानों का चयन किया गया है। इसमें 57 किलोग्राम में झज्जर के राहुल देशवाल, 61 किलोग्राम में दिल्ली के निखिल, 65 किलोग्राम में चरखी दादरी के सुजीत कलकल, 70 किलोग्राम में हिसार के विशाल कालीरमन, 74 किलोग्राम में पानीपत के सागर जागलान, 79 किलोग्राम में उत्तर प्रदेश के सौरभ यादव, 86 किलोग्राम में झज्जर के पुष्पेंद्र, 92 किलोग्राम में रोहतक के सचिन, 97 किलोग्राम में रोहतक के विक्की हुड्डा और 125 किलोग्राम में पंजाब के जसपूरन सिंह का चयन हुआ है। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का शेड्यूल घोषित, 21 जनवरी से आगाज

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में अपने खिताब का बचाव करने के अभियान की शुरुआत 22 जनवरी को काठमांडू में वेस्टइंडीज के खिलाफ करेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का कार्यक्रम घोषित किया, जो 21 जनवरी से 6 फरवरी तक बांग्लादेश और नेपाल में खेला जाएगा।

इस प्रतियोगिता में 16 टीम भाग लेंगी, जिन्हें चार-चार टीम के चार ग्रुप में बांटा गया है। प्रतियोगिता के मैच चट्टोग्राम, सिलहट और काठमांडू में खेले जाएंगे। दो बार के चैंपियन भारत को सह-मेजबान नेपाल, वेस्टइंडीज और आयरलैंड के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। बांग्लादेश और यूएई 21 जनवरी को टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच

वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला मैच खेलेगा भारत



खेलेंगे, जबकि इसी दिन सिलहट में ऑस्ट्रेलिया का सामना नाइजीरिया से होगा। ग्रुप चरण के मैच 26 जनवरी तक खेले जाएंगे। इसके बाद सुपर सिक्स शुरू होगा। दोनों सेमीफाइनल चार फरवरी को चट्टोग्राम में खेले जाएंगे। फाइनल भी छह फरवरी को चट्टोग्राम में ही होगा।

आईसीसी रैंकिंग राशिद की बादशाहत बरकरार, टॉप 10 में शाई होप की एंट्री

दुबई (एजेंसी)। जिम्बाब्वे के खिलाफ ट्राई सीरीज के मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाले अफगानिस्तान के स्पिन गेंदबाज राशिद खान ने गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में अपनी नंबर एक की पोजीशन को और मजबूत कर लिया है। साउथ अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज ताजा वनडे बॉलिंग रैंकिंग में तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। अफगानिस्तान के बल्लेबाज सेदिकुल्ला अटल को भी ताजा रैंकिंग अपडेट से बड़ा फायदा मिला है। जिम्बाब्वे के खिलाफ शतक लगाने के बाद वह वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में 32वें से 20वें स्थान पर पहुंच गए हैं। टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में वेस्टइंडीज के कप्तान शाई होप टॉप 10 में आ गए हैं। शेरफेन रदरफोर्ड छह स्थान ऊपर चढ़कर 18वें नंबर पर आ गए हैं।



सिलिकॉन वैली ओपन दूसरे दौर में अनाहत

नई दिल्ली। भारतीय खिलाड़ी अनाहत सिंह अमेरिका के रेडवुड सिटी में खेली जा रही सिलिकॉन वैली ओपन स्क्वाश चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पहुंच गई हैं। उन्होंने अपने पहले मैच में मिस्र की नूर अबुलमकारिम को 11-8, 11-8, 12-10 से हराया। अनाहत का अगला मुकाबला मिस्र की नूर एलशेरबिनी से होगा।

कल से राष्ट्रमंडल कबड्डी चैंपियनशिप

अहमदाबाद। 23 से 31 अक्टूबर तक पहली राष्ट्रमंडल कबड्डी चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा। प्रतियोगिता में 13 देश हिस्सा लेंगे। अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ की स्वीकृति से भारतीय एमेच्योर कबड्डी महासंघ की ओर से आयोजित इस चैंपियनशिप में 23 टीम और 400 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

रणजी ट्रॉफी: मुंबई का शानदार प्रदर्शन हिमाचल को पारी के अंतर से हराया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रणजी ट्रॉफी में बुधवार को चार बड़े मुकाबलों के नतीजे निकले। मुंबई ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हिमाचल प्रदेश को हराया। वहीं, केरल और पंजाब ने भी बड़ी जीत दर्ज की।

मुंबई बनाम हिमाचल प्रदेश

रणजी ट्रॉफी एलीट के ग्रुप डी में मुंबई ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हिमाचल प्रदेश को एक पारी और 97 रनों से हराया। पहली पारी में हिमाचल की पूरी टीम सिर्फ 140 रन बनाकर ऑलआउट हुई। इसके जवाब में मुंबई ने सरफराज खान की 154 रनों की लाजवाब पारी के बूते 8 विकेट खोकर 528 रन बनाने के बाद अपनी पारी को घोषित किया। दूसरी पारी में भी हिमाचल प्रदेश के बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और पूरी टीम 291 रन बनाकर ऑलआउट हुई।



पंजाब बनाम छत्तीसगढ़

रणजी ट्रॉफी एलीट के ग्रुप बी में पंजाब ने छत्तीसगढ़ को 7 विकेट से शिकस्त दी। पंजाब के लिए इस मुकाबले में शुभमन गिल मैदान पर उतरे। हालांकि, वह पहली पारी में कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और सिर्फ एक रन बनाकर आउट हुए। वहीं, दूसरी इनिंग में वह बल्लेबाजी करने नहीं उतरे। पंजाब ने पहली पारी में 456 रन बनाए, जिसके जवाब में छत्तीसगढ़ की पूरी टीम 206 रन बनाकर ऑलआउट हुई। छत्तीसगढ़ को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा और टीम ने 335 रन बनाए। हालांकि, पंजाब ने 3 विकेट खोकर 86 रन बनाते हुए लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया।

केरल बनाम ओडिशा

केरल ने ओडिशा को एक पारी में 36 रनों से रौंदा। केरल ने पहली पारी में 404 रन बनाए, जिसके जवाब में ओडिशा की पूरी टीम 225 रन बनाकर ऑलआउट हुई। ओडिशा को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा और टीम दूसरी पारी में 143 रन बनाकर सिमटी। केरल की जीत के नायक मोहम्मद अजहरुद्दीन रहे, जिन्होंने 139 रनों की लाजवाब पारी खेली।

हैदराबाद बनाम आंध्र

हैदराबाद ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए आंध्र को 267 रनों से हराया। पहली पारी में हैदराबाद में 275 रन बनाए, जिसके जवाब में आंध्र की पूरी टीम 184 रन बनाकर सिमटी। दूसरी इनिंग में 7 विकेट खोकर 306 रन बनाने के बाद हैदराबाद ने अपनी पारी को घोषित किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए आंध्र की पूरी टीम महज 130 रन बनाकर ढेर हो गई।

अनुकंपा आधार पर नियुक्ति से संबंधित मामलों के शीघ्र निपटान हेतु

10 नवंबर 2026
विशेष अदालत

दिल्ली, लखनऊ, मुरादाबाद, फिरोजपुर, अंबाला मंडल, जम्मू एवं उत्तर रेलवे, प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली के कार्यालय परिसर में 10.11.2026 को सुबह 11:00 बजे आयोजित अदालत द्वारा

मौके पर ही मामलों का निपटान

अनुकंपा आधार पर नियुक्ति से संबंधित अपना अभ्यावेदन दो प्रतियों में अन्य संबंधित दस्तावेज़ के साथ जिस मंडल से संबंधित है, उस मंडल के वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी या मंडल कार्मिक अधिकारी को और प्रधान कार्यालय के मामलों में उप मुख्य कार्मिक अधिकारी (HQ-I) को दो प्रतियों में सम्बंधित कागजात के साथ 31.10.2026 तक अवश्य प्रेषित करें।

नोटः— (i) वर्कशॉप तथा अतिरिक्त इकाइयों से सम्बंधित अनुकम्पा के मामलों में संलग्न मंडल को अभ्यावेदन दें।
(ii) पुराने तय मामलों पर विचार नहीं किया जाएगा।

उप मुख्य कार्मिक अधिकारी
(HQ–I), उत्तर रेलवे प्रधान कार्यालय
बड़ौदा हाउस, केजी मार्ग,
नई दिल्ली – 110001

वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी
मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय,
उत्तर रेलवे, स्टेट एंट्री रोड,
नई दिल्ली – 110001

वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी
मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय,
उत्तर रेलवे, हजरत गंज, लखनऊ–226001

वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी
मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय,
उत्तर रेलवे, रेल विहार, अंबाला कैंट,
अंबाला – 133001

वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी
मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय,
उत्तर रेलवे, रेलवे स्टेडियम के पास,
मुरादाबाद – 244001

वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी
मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय,
उत्तर रेलवे, स्टेशन रोड, फिरोजपुर कैंट,
फिरोजपुर – 152001

वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी
मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय,
उत्तर रेलवे,
त्रिकुटा नगर, जम्मू – 180004

उत्तर रेलवे
आपकी सेवा में सदैव तत्पर
3657/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



खबर संक्षेप

12.5 अरब साल पुरानी सुपरनोवा ब्रह्मांड में मिली

वॉशिंगटन। ब्रह्मांड में वैज्ञानिकों ने एक ऐसी सुपरनोवा खोजी है जो तकरीबन 12.5 अरब साल पुरानी है। जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप की मदद से खोजी गई यह सुपरनोवा को अब तक देखी गई सबसे दूर की सुपरनोवा माना जा रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि इससे ब्रह्मांड में तारों के जन्म और उनकी मृत्यु को समझने में मदद मिल सकती है।



पाक में सड़क हादसा, 11 की मौत, 30 घायल

लाहौर। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार बस डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। हादसे में कम से कम 11 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 30 से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे में महिलाओं और बच्चों की भी जान गई है।

महिला सांसद ने गंवाए दोनों पैर, हालत गंभीर

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया की निर्दलीय सांसद हेलेन हेन्स की एक कार से टक्कर मारकर किए गए हमले के बाद दोनों टांगें काटनी पड़ी हैं। कार से बार-बार टक्कर मारने के बाद उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। उनके पति ने बुधवार को यह जानकारी दी। इस घटना को राजनीतिक हिंसा से जोड़कर देखा जा रहा है।



कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सलवाद पर गृह मंत्री अमित शाह का बड़ा बयान

दशकों से आंतरिक सुरक्षा के 3 हॉटस्पॉट वर्तमान में शांति और विकास की राह पर

कश्मीर में आतंकवाद पर काफी हद तक लगाम लगाई जा चुकी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नशीले पदार्थों की समस्या हमारी आने वाली पीढ़ियों को खोखला कर रही है, अर्थव्यवस्था पर अनावश्यक बोझ डाल रही है और देश-विरोधी गतिविधियों में शामिल संगठनों को आर्थिक मदद पहुंचा रही है। उन्होंने देश भर के पुलिस बलों से अपील की कि वे 'नशा-मुक्त भारत' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी लगन से काम करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक पर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने 'फाइट अगेन्स्ट ड्रग्स' के संदेश पर आयोजित एक देशव्यापी मोटरसाइकिल रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि हाल के वर्षों में देश ने कई चुनौतियों का सामना किया है। इनमें तीन ऐसी बड़ी समस्याएं शामिल थीं, जिन्हें हमने दशकों तक झेला और जो हमारी आंतरिक सुरक्षा के लिए बेहद संवेदनशील इलाके माने जाते थे: कश्मीर, पूर्वोत्तर और वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित पूरा क्षेत्र।

- पांच दशकों से फैली नक्सल समस्या को लगभग खत्म किया


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

2029 तक नशा-मुक्त भारत का लक्ष्य

अमित शाह ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने अगले साढ़े तीन वर्षों- 2026 के बचे समय सहित 2027, 2028 और 2029 में नशीले पदार्थों के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाने का फैसला किया है। लक्ष्य है 31 दिसंबर 2029 तक देश को नशा-मुक्त बनाना। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए एक बहुत महत्वपूर्ण लक्ष्य है, जो तीन हॉटस्पॉट से निपटने से भी कहीं अधिक अहम है।

सीएपीएफ जवानों का आभार जताया

अमित शाह ने सीमाओं और देश भर में तैनात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) जवानों का विशेष आभार जताया। उन्होंने कहा कि मैं सीमाओं पर तैनात और देश के भीतर सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले सभी सीएपीएफ जवानों को विशेष रूप से धन्यवाद देना चाहता हूं। वे अपने घरों से दूर रहकर हर मौके पर सतर्क रहते हैं-चाहे चुनाव हो, कोई त्योहार हो, विरोध-प्रदर्शन हो या फिर सीमा सुरक्षा का मामला हो। वे देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करते हैं। शाह ने जोर दिया कि लोकतंत्र की रक्षा और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सुचारू रूप से चलाने में सीएपीएफ की भूमिका अपरिहार्य है।

पीएम मोदी ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि



पीएम नरेंद्र मोदी ने पुलिस स्मृति दिवस पर उन बहादुर पुलिसकर्मियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर लिखा कि पुलिस स्मृति दिवस हमारे पुलिस कर्मियों के प्रति गहरा आभार व्यक्त करने का अवसर है, जो अत्यंत कठिन परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा के साथ अपनी सेवाएं देते हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने से लेकर अपराधों से लड़ने, आपातकालीन स्थितियों में मदद करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तक, उनका योगदान अमूल्य है। हम उन बहादुर पुलिस कर्मियों को सादर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनका साहस, अटूट समर्पण और सर्वोच्च बलिदान हमारे देश की स्मृतियों में सदैव अंकित रहेगा।

भारत दौरे पर विदेश मंत्री मार्को-बोले

पाक और चीन से रिश्ते भारत की कीमत पर नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के साथ अपने देश के संबंधों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान और चीन के साथ अमेरिका के रिश्ते भारत के साथ उसके संबंधों की कीमत पर नहीं होंगे। रुबियो ने यह बात वाशिंगटन और इस्लामाबाद के बीच बढ़ते संपर्कों को लेकर उठाए गए सवाल के जवाब में कही। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत के साथ अपने संबंधों को किसी दूसरे देश के साथ रिश्तों के मुकाबले के तौर पर नहीं देखता।

भारत-यूएस व्यापार डील के बेहद करीब: ट्रंप




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत और अमेरिका व्यापार समझौता करने के काफी करीब हैं और यह समझौता पहले किए गए समझौतों से काफी अलग होगा। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में पत्रकारों से जानकारी दी।

जामनगर में अंबानी परिवार से मिले रुबियो



जामनगर (एजेंसी)। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर गुजरात के जामनगर पहुंचे। जहां उन्होंने जामनगर में स्थित दुनिया की सबसे बड़ी तेल रिफायनरी का दौरा किया। इस दौरान मुकेश अंबानी और उनके बेटे अनंत अंबानी ने मिलकर दोनों का स्वागत किया और उन्हें पूरी रिफायनरी का दौरा करवाया। सभी ने मिलकर जरूरी मुद्दों और ऊर्जा को लेकर अहम बातचीत भी की। मुकेश अंबानी और उनके बेटे अनंत ने मार्को रूबियो और सर्जियो गोर को रिफायनरी की आधुनिक तकनीक, बड़े पैमाने पर होने वाले काम और तेल शोधन की पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी भी दी।

युद्ध के बदलते तौर तरीकों में जरूरी हो गई है तत्परता और आत्मनिर्भरता



नई दिल्ली। भारतीय सेना का सर्वोच्च स्तरीय द्विवार्षिक मंच सेना कमांडरों का सम्मेलन बुधवार से शुरू हुआ। सेना प्रमुख (सीओएएस) की अध्यक्षता में आयोजित यह सम्मेलन 21 से 23 तक नई दिल्ली में हो रहा है। इस सम्मेलन को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि युद्ध के बदलते तौर-तरीकों और भविष्य के संघर्षों से निपटने के लिए तत्परता और आत्मनिर्भरता होना जरूरी है। उन्होंने थल युद्ध सिद्धांत का विमोचन किया। यह सिद्धांत भारतीय सेना को युद्ध के बदलते स्वरूप और भविष्य के संघर्षों से उत्पन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए एक व्यापक ढांचा प्रदान करेगा।

अंतरिक्ष सभी का, टकराव की जगह सहयोग का क्षेत्र हो, कानून की मांग: सुधा मूर्ति

न्यूयॉर्क(एजेंसी)। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा है कि बाहरी अंतरिक्ष को टकराव की जगह सहयोग का क्षेत्र होना चाहिए। साथ ही, भारत ने अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ को रोकने के लिए एक कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतरराष्ट्रीय समझौता करने की मांग की है। मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा की पहली समिति में बाहरी अंतरिक्ष पर भारत का पक्ष रखते हुए, सांसद सुधा मूर्ति ने कहा कि भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक प्रमुख देश है। हमारे अंतरिक्ष कार्यक्रम के विकास और सुरक्षा, दोनों पहलू हैं। भारत का मानना है कि बाहरी अंतरिक्ष हम सभी का है। हम एक पृथ्वी, एक परिवार हैं और हमारा भविष्य भी एक है।


सांसद सुधा मूर्ति

पीओजेके में 24 अक्टूबर को फिर से बड़े आंदोलन की तैयारी, कोटली में होगी विशाल जनसभा, तनाव बना हुआ

जम्मू (एजेंसी)। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) के पुंछ डिवीजन में जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) ने 24 अक्तूबर से फिर बड़े आंदोलन की तैयारी की है। क्षेत्र में अभी इंटरनेट पाबंदियों, बाजारों की आंशिक बंदी, आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर तनाव बना हुआ है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार कोटली को आंदोलन का मुख्य केंद्र बनाया गया है।

सस्ते आटे-बिजली से शुरू हुआ मुद्दा, अब राजनीतिक प्रतिनिधित्व तक पहुंचा

जेएएसी का आंदोलन महंगे बिजली बिल, गेहूं के आटे की कीमत और आर्थिक राहत की मांगों से उभरा था। बाद में इसके मांगपत्र में शासन-प्रशासन की जवाबदेही, नागरिक अधिकार, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार और विधानसभा में राजनीतिक प्रतिनिधित्व जैसे मुद्दे भी प्रमुख हो गए। पाकिस्तान में रहने वाले कश्मीरी शरणार्थियों के लिए विधानसभा की 12 आरक्षित सीटों को समाप्त करने की मांग विवाद के प्रमुख बिंदुओं में शामिल है। जेएएसी का तर्क है कि इन सीटों की मौजूदा व्यवस्था क्षेत्र के स्थानीय मतदाताओं के प्रतिनिधित्व को प्रभावित करती है।



आज पोलैंड के पीएम मोदी से करेंगे भेंट

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क बुधवार को नई दिल्ली पहुंचे। वे 23 अक्टूबर तक भारत की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि उनके साथ पोलैंड के वित्त मंत्री आंद्रेज डोमान्स्की तथा व्यापार जगत के प्रतिनिधि भी आएंगें। पोलैंड के पीएम गुरुवार को हैदराबाद हाउस में पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस दौरान दोनों नेता भारत और पोलैंड के संबंधों के सभी प्रमुख पहलुओं की समीक्षा करेंगे। वे आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। दोनों पक्षों के बीच एमओयू का आदान-प्रदान होगा।


रक्षा सचिव की मौजूदगी में एमओयू

हर ड्रोन पर होगी भारत की पैनी नजर

रडार खरीद के लिए बीईएल के साथ 770 करोड़ का करार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ लगभग 770 करोड़ रुपये की लागत से उन्नत निम्न-स्तरीय हल्के रडार (एलएलएलआर-आई) की खरीद के लिए अनुबंध किया है। नई दिल्ली में आज रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में इस पर हस्ताक्षर किए गए। मंत्रालय ने बताया कि यह रडार लड़ाकू विमानों के साथ-साथ छोटे ड्रोन का पता लगाने और उन पर नजर रखने में सक्षम है। इसमें हवाई लक्ष्यों को प्राथमिकता देने की सुविधा भी है।





अल्बानिया में आठवें दिन झड़पें, इटली में सख्त कानून, फ्रांस में कर्फ्यू बढ़ा

यूरोप में विरोध की लहर

एजेंसी ▶▶ तिराना

यूरोप के कई देशों में महंगाई, बढ़ती ईंधन कीमतों, आवास संकट और सार्वजनिक सेवाओं की बदहाल स्थिति के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज हो गए हैं। अल्बानिया की राजधानी तिराना में मंगलवार को सरकार विरोधी प्रदर्शन लगातार आठवें दिन भी जारी रहे। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को पीछे हटाने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। प्रदर्शन में हाईस्कूल और विश्वविद्यालयों के छात्र भी शामिल हो गए हैं। वे ट्यूशन फीस कम करने, शिक्षा पर सरकारी निवेश बढ़ाने और शिक्षा व्यवस्था में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस और वाटर कैनन का प्रयोग


प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन चलाती पुलिस

अल्बानिया के पीएम ने लगाए आरोप

पीएम एदी रामा ने मंगलवार को शिक्षकों और तिराना के स्कूलों के प्रतिनिधियों से मुलाकात के बाद प्रदर्शनकारियों पर हिंसा के जरिए सरकार गिराने की कोशिश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वास्तविक समस्याओं को कुछ लोग जानबूझकर हिंसा फैलाने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। रामा ने कहा कि महंगाई, सुरक्षित भविष्य, आवास और बेहतर अवसरों से जुड़ी चिंताएं वास्तविक हैं, लेकिन उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारियों के एक वर्ग ने शहर में आतंक का माहौल बना दिया है। उन्होंने प्रदर्शन में शामिल कुछ छात्रों को उभरते राजनीतिक चरमपंथी रुझानों से जुड़ा बताया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28